हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 दिसंबर 2024



## खबर संक्षेप

### जोरातरई के किसान के खेत से पेड़ की चोरी



**राजनांदगांव।** बोरी क्षेत्र के ग्राम जोरातराई में रिया वृक्ष की चोरी होने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने आरोपी द्वारा वृक्ष की कटाई कर उसकी लकड़ी एक ठेकेदार को बेचने का आरोप लगाते पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।


जोरातराई निवासी बल्दुराम साहू ने अपने शिकायत आवेदन के माध्यम से कहा है कि गांव में उसके खेत के मेड़ पर एक रिया वृक्ष लगा था। जिसकी मोटी लगभग साढ़े 7 फीट थी, जिसे गांव के ही शंकर देवांगन द्वारा काटकर लकड़ी ठेकेदार रामप्रसाद यादव को चोरी कर बेच दिया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे बल्दुराम साहू ने बताया कि वृक्ष को लेकर भी विवाद होता था। उनके बिना उपस्थिति में इस वृक्ष को काटा गया, जब वह अपने खेत पहुंचे तो वृक्ष कटा हुआ था और उनके द्वारा लकड़ियां बेच दी गई थी। उन्होंने अपने आवेदन के माध्यम से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत वाहन जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत पालीगुडा कवर्धा जिला कबीरधाम निवासी पंकज कुमार चंद्रवंशी के स्वामित्व के वाहन योद्धा पिकअप जब्त किया गया है। जब्तशुदा वाहन की कीमत में से 4 लाख रुपए छत्तीसगढ़ शासन के पक्ष में राजसात की कार्रवाई की गई है।

राजसात की राशि वाहन स्वामी अथवा फायनेंस कंपनी में से किसी के द्वारा भी खजाना दाखिल करने पर जब्तशुदा वाहन संबंधित को सुपुर्दगी में प्रदान कर दिया जाएगा। यदि राजसात की राशि 1 माह के भीतर खजाना दाखिल करने में विफल रहते हैं, तो वाहन शासन के पक्ष में राजसात की गई मान्य की जाएगी।

## माय एंगल




# 16 लाख क्विंटल धान का कटा डीओ-टीओ, उठाव महज 50 फीसदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उठाव की सुस्त रफ्तार से जूझ रही धान खरीदी को थोड़ी राहत मिलर्स के हड़ताल समाप्त करने से मिली है। जिले में अब लगातार डीओ काटकर उठाव तेज करने की कोशिशें की जा रही है। अब तक करीबन सोलह लाख क्विंटल धान का टीओ एवं डीओ जारी हो चुका है, परन्तु दिक्कतें यह है कि इसके बाद भी महज 50 फीसद यानी लगभग सात लाख क्विंटल का ही उठाव हो पाया है।

ऐसे में जिले के कई खरीदी केंद्रों में स्थान शेष नहीं रह गया है। मिली जानकारी के अनुसार आधा दर्जन ऐसे उपार्जन केंद्र हैं, जहां किसानों से धान नहीं लिया जा रहा है। इनमें रुआतला, मोहारा, खुर्सीपार, तेंदूनाला में खरीदी बंद होने की जानकारी सामने आई है। हालांकि प्रशासन का दावा है कि रोजाना एक लाख क्विंटल उठाव का टारगेट रखकर जल्द जाम की दिक्कतों से निजात के प्रयास किए जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि धान खरीदी को लेकर अब अंतिम एक महीना ही शेष रह गया है। 31 जनवरी तक चलने वाली सरकारी धान खरीदी के दौरान सभी पंजीकृत किसानों से खरीदी होना है। जबकि अब तक 80201 किसानों से - लाख क्विंटल धान की खरीदी राजनांदगांव जिले में ही हो चुकी है। खैरागढ़ जिले में - किसानों से - क्विंटल एवं मोहला-मानपुर जिले में -किसानों से - क्विंटल धान खरीदा जा चुका है।

### उठाव की रफ्तार सुधरी लेकिन किसानों को नहीं मिल रहा टोकन

#### संग्रहण केंद्रों में पहुंच रहा धान

मिलर्स को डीओ जारी करने के साथ ही ट्रांसपोर्टरों के माध्यम से भी धान का उठाव कराया जा रहा है। उपार्जन केंद्रों से धान उठाकर जिले के चार संग्रहण केंद्रों तक पहुंचाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसर इन चार संग्रहण केंद्र की क्षमता लगभग 17 लाख क्विंटल धान स्टोर करने की है। इसके मुकाबले अब तक 4.20 लाख क्विंटल धान यहां पहुंचाया जा चुका है। वहीं लगभग 7.76 लाख क्विंटल का टीओ जारी किया जा चुका है।



#### डीओ काटने पर फोकस

प्रशासन ने मिलर्स की हड़ताल के दौरान उठाव करने के लिए ट्रांसपोर्टरों के माध्यम से परिवहन के लिए टीओ काटे थे, लेकिन अब मिलर्स के परिवहन कार्य में वापस लौटने के बाद डीओ काटने पर ही फोकस किया जा रहा है। जिले में अब तक 8 लाख क्विंटल का डीओ काटा जा चुका है। जिसमें से मिलर्स ने 2.54 लाख क्विंटल उठाव कर लिया है। वहीं टीओ 7.76 लाख क्विंटल का जारी हुआ है। जिसमें से परिवहन 4.20 लाख धान हो गया है।

### शहर के उत्तर में सुमीत और दक्षिण में गोलू को मिली कमान

# भाजपा में अब युवाओं के हाथों संगठन सोलह मंडलों में अध्यक्षों की ताजपोशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा में जारी संगठन चुनाव के तहत आखिरकार मंडल अध्यक्षों की सूची जारी कर दी गई है। जिले के सभी 16 मंडल अध्यक्षों की घोषणा सोमवार को की गई। इसमें शहर में उत्तर मंडल का अध्यक्ष सुमीत भाटिया एवं दक्षिण मंडल की कमान गोलू गुप्ता को सौंपी गई है। खास बात यह है कि देश में महिलाओं को बढ़ावा देने की बात करने वाली भाजपा ने अपने सभी 16 मंडल में किसी भी महिला को अध्यक्ष नहीं बनाया है। हालांकि 45 उम्र की सीमा के चलते सभी मंडलों में युवाओं के हाथों में ही जिम्मेदारी आ गई है।

उल्लेखनीय है कि सितंबर महीने से देशभर में भाजपा ने अपना सदस्यता अभियान शुरू कर दिया था। जिले में भी पहले दो महीने नए सदस्य जोड़ने का काम किया गया। इसके बाद सक्रिय सदस्यों की सूची तैयार की गई। इन सक्रिय सदस्यों में से ही सबसे पहले बूथों का अध्यक्ष बनाया गया। बूथ अध्यक्ष के सभी जगह चुनाव व चयन होने के बाद ही मंडल अध्यक्ष की चयन प्रक्रिया शुरू की गई थी। प्रदेश स्तर से मिले निर्देश अनुसार चुनाव प्रभारियों ने तय आयु सीमा एवं वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी कर हर मंडल में तीन से चार नामों का पैनल तैयार किया था। जिसमें से ही सभी 16 मंडल में एक-एक नाम को फाईनल कर सोमवार को उसकी घोषणा कर दी गई है। वहीं अब आने वाले एक महीने के भीतर जिला अध्यक्षों के चयन की भी प्रक्रिया करने के बाद घोषणा की जाएगी। ज्ञात हो कि जिला अध्यक्ष के लिए भी 60 से कम आयु वाले नेताओं का पैनल बनाने का काम शुरू हो गया है।

### घोषणा के बाद फूटे पटाके, महिलाओं को नहीं मिली कमान



प्रशांत गुप्ता | सुमित भाटिया | जसमीत बन्नोआना | दीना पटेल | भुवन साहू | जागेश्वर यादव | मनोज काण्डे | कांता साहू

#### वरिष्ठ नेताओं ने जाकर की घोषणा

भले ही मंडल अध्यक्षों की सूची पहले ही तैयार कर ली गई हो, लेकिन इसकी घोषणा स्थानीय स्तर पर ही वरिष्ठ नेताओं से कराई गई। जिले के सभी मंडल में सोमवार को दोपहर 12 से 4 बजे के मध्य बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में ही कार्यकर्ताओं के सामने वरिष्ठ नेताओं ने नए मंडल अध्यक्षों की घोषणा की। घोषणा के बाद ही सभी मंडलों में जश्न देखने को मिला। वहीं नेताओं ने नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को बधाई भी दी।



#### वरिष्ठ अब बनेंगे मार्गदर्शक?

अब तक देखा जाता रहा है कि मंडल अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी में उम्र का कोई बंधन नहीं था, लेकिन पहली दफा भाजपा ने मंडल अध्यक्षों के लिए 45 उम्र की आयु सीमा एवं जिला अध्यक्षों के लिए 60 साल की उम्र सीमा तय की गई है। ऐसे में वरिष्ठ नेताओं को या तो कार्यकारिणी में रहकर अपने से युवा नेताओं के अंडर काम करना होगा या फिर इन नेताओं को मार्गदर्शक मंडल में रहकर अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

#### इन नेताओं को मिली कमान

राजनांदगांव दक्षिण मंडल प्रशांत गोलू गुप्ता, उत्तर मंडल सुमीत भाटिया, सुकुलदैहान मंडल मनोज साहू, सोमनी मंडल खिलेश्वर साहू को जवाबदेही दी गई। डोंगरगढ़ विधानसभा के डोंगरगढ़ शहर मंडल में जसमीत बन्नोआना, ग्रामीण मंडल में अनिल सिन्हा, तिलई मंडल में परदेशीराम सोनबोईर, घुमका मंडल में नरेन्द्र वर्मा अध्यक्ष बनाए गए। डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के डोंगरगांव में दीना पटेल, अर्जुनी मंडल में भुवन साहू, तुमड़ीबोड़ मंडल में जागेश्वर यादव, मुसरा-मुरमुंदा मंडल में लक्ष्मीनारायण वर्मा व लालबहादुर नगर मंडल में मनोज कांडे को अध्यक्ष बनाया गया। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के छुरिया मंडल में कांता प्रसाद साहू, गैंदाटोला मंडल में खिलेश्वर साहू व कुमर्दा मंडल में हृदयराम देवांगन को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है।

### नाराज किसानों ने किया आंदोलन का ऐलान




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला किसान संघ द्वारा अपने विभिन्न मांगों को लेकर शहर के कृषि उपज मंडी में किसान बैठक का आयोजन किया। इस दौरान आगामी दिनों में विभिन्न आंदोलन को लेकर रणनीति बनाई गई। अपनी तीन प्रमुख मांगे धान के समर्थन मूल्य में 117 रुपए की वृद्धि का लाभ देते 3217 रुपए में धान खरीदी करने, पूर्व की कांग्रेस सरकार कार्यकाल का बकाया न्याय योजना की एक किस्त की राशि देने और धान खरीदी में व्याप्त समस्याओं को लेकर जिला किसान संघ द्वारा प्रदर्शन का दौर जारी है। इसी बीच राजधानी रायपुर में किए गए अपने प्रदर्शन की समीक्षा करने और आंदोलन को लेकर विभिन्न रणनीति बनाने आज किसानों ने बैठक का आयोजन किया।

#### जिला से जिला जोड़ो अभियान

किसान बैठक को लेकर प्रदेश किसान संघ के संयोजक सुदेश टीकम ने कहा कि बैठक में राजधानी में किए गए प्रदर्शन को लेकर समीक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि इस बैठक के माध्यम से आगामी दिनों में अपने इन तीन प्रमुख मांगों को लेकर गांव-गांव में जाकर फोटोग्राफी के माध्यम से जनसमर्थन जुटाया जाएगा। वहीं जिला से जिला जोड़ो अभियान चलाया जाएगा और जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया जाएगा।

#### प्रदेश स्तरीय किसान संपर्क यात्रा

किसान बैठक के दौरान प्रदेश स्तरीय किसान संपर्क यात्रा के आयोजन को लेकर भी चर्चा की गई। जिसमें आगामी दिनों में विभिन्न चरणों में किसान संघ द्वारा इस यात्रा का प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में आयोजन किया जाएगा।

#### धान खरीदी में समस्या पर घेराव

किसान बैठक के दौरान धान खरीदी में समस्याओं, बारदाने की कमी और अन्य मुद्दों को लेकर एसडीएम कार्यालयों के घेराव की योजना भी बनाई गई है।

# प्यारेलाल स्कूल में 28 को पंच सरपंच और 29 को जिप सदस्यों का आरक्षण

- जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों के आरक्षण की कार्रवाई 29 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन वर्ष 2024-25 के तहत ग्राम पंचायतों के वार्डों एवं सरपंच पदों के आरक्षण की कार्रवाई 28 दिसंबर 2024 को सुबह 11 बजे ठाकुर प्यारेलाल सिंह नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में लॉट द्वारा की जाएगी। इसी तरह 29 दिसंबर को सुबह 11 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों के लॉट द्वारा आरक्षण की कार्रवाई की जाएगी।

छत्तीसगढ़ पंचायतराज अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन के प्रावधानों के अनुसार जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया एवं डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायतों के वार्डों एवं सरपंच पदों तथा जिला पंचायत राजनांदगांव के निर्वाचन क्षेत्रों एवं जिले के जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया एवं डोंगरगढ़ के निर्वाचन क्षेत्रों एवं अध्यक्ष पदों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सभी प्रवर्गों के महिला हेतु लॉट द्वारा आरक्षण की कार्रवाई की जाएगी।

संबंधित क्षेत्र के कोई भी वयस्क निवासी आरक्षण की कार्रवाई के दौरान निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

# निजी भूमि से रास्ता नहीं देने पर हुक्का-पानी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के तुमड़ीबोड़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झिटिया निवासी शिवकुमार यदु को अपनी भूमि से रास्ता नहीं देने के मामले में उसके परिवार का हुक्का-पानी बंद कर दिया गया है। पीड़ित द्वारा कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर न्याय की मांग की गई है।

हुक्का-पानी बंद किए जाने को लेकर न्याय की मांग के लिए कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे शिवकुमार यदु ने बताया कि उसे बंटवारे में पैतृक जमीन मिली थी। इस जमीन से गांव के कुछ लोगों द्वारा रास्ता मांगा जा रहा था, जब उसने रास्ता देने से इनकार किया तो गांव में उसका हुक्का-पानी बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि विवाद के बाद उसने अपनी जमीन का सीमांकन भी कराया है। जिसमें उसके द्वारा कोई भी अतिक्रमण किया जाना नहीं पाया गया है।

#### खेत का पानी किया बंद

पीड़ित शिवकुमार ने बताया कि हुक्का-पानी बंद करने के साथ ही उसके खेत को दिए जाने वाला पानी भी बंद कर दिया गया है। अगल-बगल के खेत वालों को भी पानी नहीं देने कहा गया है। वहीं उसके खेत पर सभी तरफ गड्ढा कर दिया गया है। पीड़ित ने इस मामले में शासन-प्रशासन से न्याय दिलाने की मांग की है।



#### पांच हजार रुपए का दंड

रास्ता नहीं देने पर गांव में पीड़ित पर 5 हजार रुपए का दंड लगाया गया था, लेकिन उसने दंड जमा नहीं किया। जिसके चलते गांव में उसके साथ किसी भी प्रकार कोई लेनदेन नहीं किया जा रहा है। उसकी दुकान पर भी लोगों के आने से मनाही कर दी गई है।

#### मुनादी के बाद भी नहीं माने लोग

अपने ज्ञापन के माध्यम से पीड़ित ने कहा है कि इस मामले को लेकर उसने पहले भी शिकायत की थी। जिसके बाद इस पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते गांव में मुनादी कराई गई थी और सभी से बातचीत और खेत में कार्य करने कहा गया था। इसके बाद कुछ लोग उसके खेत पर काम करने पहुंचे तो उन्हें भी दंडित किए जाने और उनका भी हुक्का-पानी बंद करने को लेकर धमकी दी गई है। जिसके बाद कोई भी उसके खेतों पर कार्य करने नहीं आ रहे हैं।

### पुलिस भर्ती में गंभीर लापरवाही उजागर, शासन पर रद्द करने का दबाव

# आपरेटरों का पुलिस वेरिफेशन भी नहीं, यूपीआई से लेनदेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस भर्ती में फर्जीवाड़े के लगातार सामने आने के बाद भी राज्य शासन द्वारा प्रक्रिया को रद्द नहीं किए जाने से अभ्यर्थियों में अब आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है। पुलिस महकमे के अफसर भले ही हैदराबाद कंपनी द्वारा डाटा को सुधारने के दावे कर रहे हैं, लेकिन भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता पर संशय की स्थिति बरकरार है। इधर इस मामले में गंभीर लापरवाही भी सामने आनी शुरू हो गई है। हैदराबाद की कंपनी द्वारा अपने करीब तीन दर्जन से ज्यादा स्टाफ का पुलिस वेरिफेशन कराए बगैर ही उन्हें भर्ती ड्यूटी में लगा दिया है। यही नहीं स्थानीय पुलिस महकमे के कुछ कर्मियों ने भर्ती में नंबर बढ़ाने के लिए यूपीआई से लेनदेन को अंजाम दिया है।

राजनांदगांव पुलिस महकमे द्वारा की जा रही भर्ती में लगातार फर्जीवाड़े की शिकायतें सामने आने के बाद आईजी दीपक झा और पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एफआईआर दर्ज किया है। इस एफआईआर के बाद पुलिस के अफसर लगातार इस मामले की सूक्ष्मता से जांच कराने में जुटे हुए हैं। इस मामले में स्थानीय स्तर के कुछ पुलिस जवानों की संलिप्ता सामने आ गई है। वहीं हैदराबाद की कंपनी द्वारा की गई गड़बड़ी का भी पर्दाफाश हो रहा है। पुलिस महकमे ने इस मामले में अभी तक छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि करीब छह से आठ जवान और हैदराबाद की कंपनी के स्टाफ की शीघ्र गिरफ्तारी हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि हैदराबाद की जिस कंपनी को काम दिया गया था, उसने हैदराबाद से प्रशिक्षित स्टाफ को लाने के बजाय लोकल स्तर पर ही आपरेटरों की नियुक्ति कर दी थी, जिन आपरेटरों को नियुक्त किया गया था, उनका पुलिस वेरिफेशन भी नहीं कराया गया। भर्ती प्रक्रिया में इस लापरवाही को गंभीर माना जा रहा है। यही नहीं पुलिस के पास अब यह भी तथ्य सामने आ गए हैं कि पुलिस कर्मियों और आपरटरों ने अभ्यर्थियों का नंबर बढ़ाने के लिए बकायदा यूपीआई के जरिये लेनदेन किया है।

#### अभ्यर्थियों ने कहा : रद्द हो भर्ती

पुलिस भर्ती में करीब साठ हजार बेरोजगार शामिल हो रहे हैं। करीब 30 हजार अभ्यर्थी इवेंट में शामिल हो चुके हैं। भर्ती प्रक्रिया में लगातार फर्जीवाड़े की पुष्टि होने के बाद भी शासन द्वारा भर्ती को रद्द नहीं किए जाने से आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है। कई अभ्यर्थियों ने आज हरिभूमि से कहा कि जब इस बात की पुष्टि हो गई है कि भर्ती में व्यापक पैमाने पर लेनदेन हुआ, फिर भी शासन द्वारा भर्ती को रद्द क्यों नहीं किया जा रहा है?



#### सीएसपी करेंगे अब जांच

8वीं बटालियन पेंड्री राजनांदगांव में संचालित पुलिस आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रक्रिया राजनांदगांव रेंज में अनियमितता प्रकाश में आने के बाद इस मामले में लालबाग थाना में अपराध दर्ज किया है। मामले की विवेचना एवं प्रतिदिन की कार्रवाई की जानकारी देने का जिम्मा पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक को सौंपा है।

#### हाईकोर्ट जाने की भी तैयारी

हैदराबाद की कंपनी द्वारा करीब तीन हजार अभ्यर्थियों के डाटा को सुधारे जाने की रिपोर्ट सामने आने के बाद अब कुछ अभ्यर्थियों द्वारा हाईकोर्ट जाने की तैयारी की जा रही है। इधर कांग्रेस ने भी भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की है। जिला स्तर के कुछ वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने भी भर्ती प्रक्रिया को नए सिरे से कराए जाने शासन स्तर पर पहल की है। ऐसा माना जा रहा है कि एक-दो दिनों के भीतर सरकार का रूख साफ हो जाएगा।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
- ब्लड प्रेशर
- शुगर
- थायराइड
- बुखार
- खांसी
- छाती रोग
- पेट रोग
- किडनी
- लकवा
- माइग्रेन
- श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या
- नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### मौसम में आया बदलाव

**सड़क अतरिय।** क्षेत्र में शनिवार को मौसम में बदलाव देखने मिला। शुक्रवार रात से आकाश में बादल छाने लग थे। सुबह लोग सूर्य देव का दर्शन करने तरसे। वही कड़ाके की ठंड़ में कमी महसुस किया गया। लगातार बदली छाए रहने से अरहर, चना, मसुर, मटर सहित सब्जी की फसल प्रभावित होने की आशंका जताया जा रहा है। बारिश की आशंका को देखते हुए खरीदी केन्द्रों में रखे धान को ढकने का प्रयास किया गया।

### डॉ. यादव का अभिनंदन



**सड़क अतरिया।** छत्तीसगढ़ रत्न से सम्मानित डॉ पीसी लाल यादव का खैरागढ़ के पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने अभिन्दन किया। ज्ञात हो कि डॉ पीसी लाल यादव सिर्फ छत्तीसगढ़ में ही नहीं पूरे हिन्दुस्तान में साहित्य के क्षेत्र में सम्मानित हुए हैं। वह गंडई के टिकरीपारा के निवासी हैं। वह साहित्य के क्षेत्र में काफ़ी लोकप्रिय हैं। वह अनेक बार सम्मानित हो चुके हैं। डॉ. यादव ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से पीएचडी की उपाधि प्राप्त किया है। हाल ही में उन्हे छत्तीसगढ़ सरकार ने लाला जगदलपुरी सम्मान से सम्मानित किया है। उन्हे पूर्व में बिसम्भर यादव मरहा सम्मान, शिवनाथ रत्न सम्मान, लोकनिधि सम्मान, समाज शास्त्रीय लेखन सम्मान, आँचलिक भाषा सम्मान, छत्तीसगढ़ी साहित्य सम्मान, बनिहार सम्मान, सरस साहित्य सम्मान, राष्ट्र कवि दिनकर सम्मान, बिलासा सम्मान, डॉ बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति सम्मान, भुइया सम्मान मिल चुका है। डॉ यादव लगभग 57 पुस्तकों का लेखन कर चुके हैं जिसमें लोरिक चंदा, तेन्दुसार की लाठी, लोकमानस की महानदी-झंझरी, लोकमंगल, छत्तीसगढ़ लोक संस्कृति, छत्तीसगढ़ की लोक गाथाएं, छत्तीसगढ़ के लोक जीवन और पर्व, पंडवानी परम्परा और प्रयोग, छत्तीसगढ़ का डंडा नृत्य गीत आदि शामिल है।

### आत्महत्या मामले की हो उच्च स्तरीय जांचःचुम्मन

**छुरिया।** जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री चुम्मन साहू ने आरक्षक आत्महत्या मामले व आरक्षक भर्ती में गड़बड़ी की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आरक्षक द्वारा आत्महत्या करने के बाद पूरा मामला संवेदनशील हो गया है। मृतक आरक्षक ने अपने हाथ में लिखा था कि कर्मचारियों को फंसाते हुए अधिकारियों को बचाया जा रहा है। उसका यह लिखना बड़ी साजिश की ओर इशारा कर रही है। जांच होना चाहिए कि गड़बड़ी में कौन कौन अधिकारी शामिल हैं और उन्हें कौन बचा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य को देखते हुए उच्च स्तरीय जांच होना बेहद जरूरी हो गया है।

### पुरवाही की ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित


**चिचोला।** पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा ने गत दिनों आनलाइन परिचर्चा का आयोजन किया जिसमें दो दर्जन रचनाकारों ने अपने विचार व्यक्त करने के साथ विभिन्न रसों से ओतप्रोत रचनाओं का पाठ किया। मुख्य अतिथि भंवर बंजारे थे। अध्यक्षता शिवप्रसाद लहरे ने की। आधार वक्तव्य ओमप्रकाश साहू ने दिया। प्रथम सत्र में गुरु घासीदास के संदेश और वर्तमान परिप्रेक्ष्य विषय पर अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि श्री बंजारे ने बाबा के जीवन परिचय से जोड़ते हुए अमृत कुंड के पानी की महत्ता बताया। अध्यक्षता कर रहे श्री लहरे रावटी यात्रा के बारे में बताया। इस मौके पर ओमप्रकाश साहू, कोमल सिंह, हेमलाल सहारे ने अपने विचार रखे। दूसरे सत्र में कवियों ने समसामयिक विषयों पर काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में ग्वालाप्रसाद यादव, रामकुमार चन्द्रवंशी, अरविंद लाल, वेदराम पटेल, अमृत साहू, डॉ चैतराम यादव, हेमलाल सहारे शामिल हुए।

## बंद लिफाफे में आया अध्यक्षों का नाम, घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

# अटकलों पर विराम, भाजपा में नए अध्यक्षों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

एक सप्ताह विलंब से भाजपा मंडल अध्यक्ष की घोषणा होने के साथ ही अटकलों पर विराम लग गया। संगठन के बंद लिफाफा को जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने खोला तो उसमें से दीना पटेल का नाम सामने आया। नाम का खुलासा होने के बाद नए अध्यक्ष को विधिवत पदभार ग्रहण कराया गया।




उल्लेखनीय है कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति होना था।

करीब एक सप्ताह बाद अध्यक्ष का नाम साफ हो सका। सोमवार को यादव भवन में आयोजित बैठक में बंद लिफाफा खोलकर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने अध्यक्ष पद के लिए दीना पटेल के नाम की घोषणा किया, जिसका सभी मौजूदजनों नए करतल ध्वनि से स्वागत किया।

इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने नए नेतृत्व को सामने लाने के लिए पार्टी के प्रयास की सराहना करते हुए कि युवाओं के जोश और वरिष्ठों के अनुभव से संगठन ताकतवर बनकर उभरेगा।

इस मौके पर दिनेश गांधी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकिशन माहेश्वरी, रामकुमार गुप्ता, संतोष यादव, बालकृष्ण सिन्हा, गुलशन हिरवानी, सरिता ढीमर, डॉ. निरेन्द्र साहू, हेमंत चोपड़ा, योगेश पटेल, कोमल साहू, चुन्नी यदु, डिकेश साहू, सतीश पाण्डेय, लोकेश यदु, राजा जैन, राकेश देवांगन, ममता उइके, शेखर यादव, दीप्ति ठाकुर, अरूण जैन, चुन्नी यदु, तखत सोनकर, टेकराम निषाद, महेश कुंभकार, मुरली यादव, रामा निर्मलकर, संतोष सोनी, राजेन्द्र कंडरा, रोहित गुप्ता, अश्वनी पडौती, मुन्ना यादव, चंद्रकुमार, देवेन्द्र, कुणाल, जितेन्द्र, रूपू, नंदलाल, राजू गिरी, मनबोधी पटेल, पुरूषोत्तम साहू, बिरेन्द्र साहू, हेमंत साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### खिलेश्वर को गैंदाटोला मंडल की जिम्मेदारी



**छुरिया।** गैंदाटोला की साहू धर्मशाला में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर मंडल अध्यक्ष के नाम की घोषणा चुनाव प्रभारी विनोद खांडेकर ने किया। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी खिलेश्वर साहू को मिली है। नई नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं द्वारा मंडल अध्यक्ष को फूलमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर एवं आतिशबाजी कर स्वागत किया। इस मौक़े पर घासीराम साहू, मिथिलेश दुबे, आत्माराम चंद्रवंशी, मदन साहू, आलोक मिश्रा, हिरेंद्र साहू, सुकृत साहू, हनीफ कुरैशी, मनीष त्रिपाठी, कुमार साय, महेश चंद्रवंशी, खेमचंद साहू, दिलीप साहू, डोमेन पटेल, सोनाराम, लक्ष्मी नारायण, कमल साहू, चतुर साहू, महेश गुप्ता, अंजोर राम, कौशल साहू,अशोक साहू, शैलेंद्र कुमार, एस कुमार सिन्हा, देवेंद्र सिन्हा, भानु मंडावी, केशव राम, उत्तम ठाकुर, सतेन्द्र तारम, धन कुमार देशपांडे, मानिक साहू, ईश्वर साहू, परसादी तारम, पंचराम, नरोत्तम, रामचंद्र, विष्णु कुमार, लीलम पाल, गजेंद्र पाल, नेमन साहू, भूपेंद्र निर्मलकर, वादाम कुरैशी, नेतराम साहू, अश्वन साहू, भूपेंद्र देवांगन, सोहनलाल, गजेंद्र साहू, दरबार साहू, रामकुमार मांडवी, धनेश्वर गुप्ता, राजा राम साहू, सुरेश सिन्हा, गौरव अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### घुमका में नरेंद्र और तिलई में अध्यक्ष बने परदेसी



**घुमका।** घुमका मंडल भाजपा अध्यक्ष के नाम की घोषणा सोमवार को सतनाम भवन में आयोजित बैठक में पर्यवेक्षक हिरेंद्र साहू ने प्रदेश संगठन से प्राप्त लिफाफा कार्यकर्ताओं के सामने खोलकर किया। अध्यक्ष के पद पर इरईखुर्द निवासी नरेंद्र वर्मा की नियुक्त हुई है। नाम घोषित होने के बाद कार्यकर्ताओं ने उन्हे बधाई दी। इसी प्रकार तिलई मंडल के पर्यवेक्षक सौरभ कोठारी ने परदेसी सोनबोइर का नाम अध्यक्ष के लिए घोषित किया।

### कांता साहू बने अध्यक्ष



**छुरिया।** मंडल भाजपा अध्यक्ष के नाम की घोषणा चुनाव अधिकारी मूलचंद लोधी एवं सह प्रभारी संजय कुमार सिन्हा ने किया। बंद लिफाफा खोलकर श्री लोधी ने नए अध्यक्ष के रूप में कांता साहू के नाम की घोषणा किया। इस दौरान रविन्द्र वैष्णव,अजय पटेल, किरण वैष्णव, संजय सिन्हा, सीमा सिन्हा, खिलेश्वर साहू, नैनसिंह पटेल, राधेश्याम शर्मा, शेखर भारतद्वाज, राजेश्वर धुर्वे, हनीफ कुरैशी, टीकम साहू, आबिद मेमन, श्यामसुंदर साहू, कांतिलाल साहू, शानू यादव, बोनी पटेल सहित अन्य मौजूद थे।

### पहले अध्यक्ष बने भुवन



डोंगरगांव मंडल से अलग होकर अस्तित्व में आने वाले अर्जुनी मंडल में पहले अध्यक्ष के तौर पर ग्राम पंचायत बनहरदी के पूर्व सरपंच भुवन साहू की नियुक्ति हुई है। उनके नाम की घोषणा जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने लिफाफा खोलकर किया। इस दौरान टामेश्वर साहू, विजय जैन, भैयालाल साहू, अजय वैष्णव, चुनेश्वर साहू, मनीष साहू, दिनेश साहू, टोमन साहू, प्रीतम साहू, रोहित साहू, किशोर यादव, संदीप साहू, दुर्गेश सिन्हा, राजा साहू, प्रभुदास, पूनम साहू, मुकेश साहू, भूषण साहू आदि मौजूद थे।

### जागेश्वर को मिली कमान



इसी प्रकार अब तक डोंगरगांव मंडल के हिस्सा रहे तुमड़ीबोड़ को संगठन की मजबूती के लिहाज से नया मंडल बनाया गया है। यहां अध्यक्ष के पद पर जनपद सदस्य जागेश्वर यादव राजू की नियुक्ति हुई है। उनके नाम की घोषणा भाजपा नेता एमडी ठाकुर ने बैठक में किया। बैठक में राजेन्द्र जैन, रामकुमार गुप्ता, निर्मला सिन्हा, जनक साहू, जितेन्द्र सिन्हा, नसीब रात्रे, मोहरदास साहू, टीकम पटेल, गोकुल सिन्हा, हेनु सिन्हा, निवेदन साहू, रामनाथ आदि उपस्थित थे।

## संकुल स्तरीय खेल का समापन

**मोहला।** पेंदाकोड़ो संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन कोलाटोला में गत दिनों किया गया। स्पर्धा में हिद्दड़, पेंदाकोड़ो, कोलाटोला, लिमऊटोला, ठेलकादण्ड, माजियापार एवं हेरकुटुम्ब के लगभग 350 बच्चों ने भाग लिया। स्पर्धा के प्राथमिक विभाग बालक एवं बालिका वर्ग में प्राथमिक शाला पेंदाकोड़ो प्रथम, माध्यमिक विभाग बालक वर्ग में माध्यमिक शाला पेंदाकोड़ो एवं बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पेंदाकोड़ो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण जिला भाजपा अध्यक्ष मदन साहू, सरपंच शांति कचलाम, उपसरपंच रमेश हिड़ामे की मौजूदगी में किया गया। मुख्य अतिथि ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए सभी बच्चों से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयारी करने का आव्हान किया। इस मौके पर नूतन साहू, बीडी मानिकपुरी, हरिशंकर देशलहरा, आत्माराम नेताम, ललित साहू, गंगाप्रसाद, ओमप्रकाश कोवाची, कुमुद कुंजाम, यशवंत मंडावी, सोहन कोठारी, लेखराम साहू, दीप्ति ठाकुर, दीनदयाल साहू, धनेश्वरी कोडापे, रूखमणी साहू, चंद्रिका कोमरे, बीना मंडावी, उमा यादव, कमलेश्वरी मंडावी, संध्या हिडामे, कांशीराम, कन्हैयालाल, देवनी कोमरे आदि मौजूद थे।



## पदचिन्ह मिले, नहीं मिला शेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ उपवन मंडल के जंगलो एवं उससे लगी बस्तियों में शेर देखे जाने की जानकारी सामने आई थी।

वन विभाग उसके पदचिन्ह मिलने का दावा कर रहा है किन्तु उसकी निगरानी के लिए अपेक्षित प्रयास नजर नहीं आया। अब तक उसका लोकेशन भी नहीं मिल सका है। जंगल में किसी जानवर का शिकार करने के बाद उसका अवषेश भी नहीं मिला है। एक हफ्ते पहले शेर देखे जाने के बाद भी किसी के शिकार करने की पुष्टि नहीं हुई। बुजुर्गों की माने तो वन विभाग की टीम निगरानी के नाम पर महज दिखावा करने में लगी है। उल्लेखनीय है कि खैरागढ़ ब्लाक के ढारा, घोठिया, करेला, भंडारपुर, बनबोड से लगे जंगली क्षेत्र में कोटरी, नील गाय, शेर आदि की उपस्थिति देखने मिलती है।



### थैलीटोला मंडई जनवरी में

**बांधाबाजार।** ग्राम थैलीटोला में आगामी 31 जनवरी को मंडई मेला रखा गया है। रात में राधाकृष्णन नाच पार्टी दुर्रेबंजारी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी लखनलाल सिन्हा ने दी।

## जिले में धान का उठाव जारी



**मोहला।** जिले के 27 धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी लगातार जारी है। जिले में धान बेचने के लिए 44871 किसानों ने पंजीयन कराया है जिसमें से अब तक 19651 किसान 949026 क्विंटल धान बेच चुके है। खरीदे गए धान का परिवहनकर्ता एवं राईस मिलर्स उठाव कर रहे है। जिले के 8 राईस मिलर्स से अनुबंध कर 670080 क्विंटल धान उठाव की अनुमति दी जा चुकी है। 18000 क्विंटल का डीओ जारी किया गया है। इसी तरह 250860 क्विंटल का टीओ संग्रहण केंद्रों के लिए जारी किया गया है। धान के उठाव के लिये राजनांदगांव जिले के दो संग्रहण केंद्र बीजाभांठा और सेवताटोला को जिला से जोड़ा गया है।

## शिक्षिका ने कराया न्योता भोज

**जेवरतला रोड।** प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव में गोमती पटेल ने वैवाहिक जीवन में प्रवेश करने पर न्योता भोज का आयोजन कर 200 बच्चों को खीर, पुडी, भजिया खिलाया। इस अवसर में कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, नीलम साहू, चैतन्य देवांगन, चमेली देवांगन, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर, अंकालू पटेल, श्रवण साहू, डोमेश साहू, अनिता खोब्रागड़े, वीणा ठाकुर उपस्थित थे।



**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## स्पर्धा में दिखी छात्रों की प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



नवीन महाविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण जनभागीदारी अध्यक्ष टामेश्वर साहू के आतिथ्य में किया गया। विशिष्ट अतिथि योगेश सोनकर थे। अतिथियों का स्वागत प्राचार्या डॉ अंजना ठाकुर ने किया।

अतिथियों ने छात्रों को पढ़ाई के साथ खेल में हिस्सा लेने प्रेरित किया। विजेताओं के नाम की घोषणा डॉ. काव्या जैन, शुभि जैन, सरोजनी वर्मा, चांदनी पराते ने किया। इस अवसर प्राध्यापक डॉ एनके लहरे, हेमशंकर साहू, हरवंश चौरगे, सौम्या देवांगन, हनी ठक्कर, लीना साहू, हिमानी साहू, डॉ संजू सिंग, आदि मौजूद थे। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन ओमप्रकाश सहारे ने किया। इस दौरान आयोजित रंगोली स्पर्धा में भारती साहू, ओमलता साहू, श्वेता सोनकर, पुष्प सज्जा में नेहा डिल्ला, वेणुका, टिकेश्वरी, देवयानी, केश सज्जा में रेणुका, नेहा, तनु, लक्ष्मी यादव, कक्षा सजावट में बीएससी सेंकड, बीकाम सेकंड, बीएससी प्रथम, सलाद सजावट में योगेश निषाद, खोमलता, फनीषा साहू,पूजा थाल सजावट में डिकेश्वरी, प्रियंका यदु, उपासना साहू, छत्तीसगढ़ी व्यंजन में डिकेश्वरी, उपासना, खोमलता, पूजा, गोला फेंक महिला में मोनिका वैष्णव, तुलसी निषाद, खुशबू देवांगन, पुरूष में भूपेश, शिव सोनकर, योगेश निषाद, लंबी कूद पुरूष में योगेश निषाद, कबीर कुमार, मुरली साहू, महिला में टिकेश्वरी, वेणुका निषाद, सरस्वती, जलेबी दौड़ में उमाशंकर, खुशबू, चम्मच दौड़ में सरस्वती, तनु साहू, भूमिका, फुगड़ी में टिकेश्वरी, तुलसी निषाद, मुरली साहू, रस्सी कूद महिला में खुशबू, खोमलता, पूजा धनकर, पुरूष में मुरली साहू, योगेश, शैलेन्द्र कुमार, चेस में शिव सोनकर, मुरली निषाद ने सफलता हासिल किया।

### मैदान में दिखी प्रतिभा

जानकारी के अनुसार इस मौके पर आयोजित मटका फोड़ स्पर्धा के महिला वर्ग में रेणुका, डामीन, प्रियंका, पुरूष में चन्द्रप्रकाश, योगेश्वर, बोरा दौड़ महिला में तन्नु ठाकुर, पूजा भुआर्य, पुरूष में उमाशंकर, योगेश निषाद, कुर्सी दौड़ पुरूष में उमाशंकर, योगेश निषाद, महिला में वेणुका, खिलेश्वरी ठाकुर, कैरम पुरूष में उमाशंकर, मुरली साहू, महिला में फलेश्वरी, श्वेता सोनकर, स्लो सायकल रेस पुरूष में ढुलेश्वर, मुरली, महिला में तुलसी, वेणुका ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### छात्राओं ने दिखाया हुनर



इस दौरान आयोजित मेंहदी स्पर्धा में आकांक्षा, लक्ष्मी यादव, देव्यानी, दिव्या, सुई धागा में मिथलेश कुमारी, वेणुका, चांदनी, टेटांगी पुरूष में ढुलेश्वर गंधर्व, खिलेश्वर साहू, किशन कुमार, योगेश निषाद, महिला में प्रिया निषाद, पूजा भुआर्य, तन्नु ठाकुर, वेणुका निषाद, दौड़ पुरूष में उमाशंकर, मुरली साहू, महिला में पूजा भुआर्य, वीणा निर्मलकर, चांदनी बोरकर, रिलेरेस पुरूष में उमाशंकर साहू, गोवर्धन निर्मलकर, ढुलेश्वर गंधर्व, खिलेश्वर साहू, महिला में वीणा निर्मलकर, रानू विश्वकर्मा, तुलसी निषाद, डामिन पटेल, पूजा भुआर्य, प्रिया निषाद, वेणुका निषाद, तन्नु ठाकुर, आलू दौड़ महिला में वीणा निर्मलकर, रेणुका निर्मलकर, पुरूष में मुरली साहू, उमाशंकर साहू ने जीत हासिल किया।






## सार समाचार

### इंदावानी में 31 से शिव महापुराण यज्ञ



**राजनांदगांव।** ग्राम इंदावानी में आगामी 31 दिसंबर 2024 से आगामी 7 जनवरी 2025 तक शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्रद्धेयश्री उमेश नारायण शास्त्री आयोध्यावासी के श्रीमुख से शिवा कथा- शिव महापुराण नवधा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक छबिलाल यदु एवं यदु परिवार ग्राम इंदावानी ने लोगों से शिव महापुराण कथा में लोगों से उपस्थिति की अपील की।

### विदाई सम्मान समारोह आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक तथा माध्यमिक शाला रूवातला में



राजेश कुमार पंचभाई का विदाई सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया। पंचभाई पिछले सोलह वर्षों से शासकीय प्राथमिक शाला रूवातला में पदस्थ थे। उन्होंने अपने शिक्षकीय कार्य पूरी लगन एवं ईमानदारी से निर्वाह किया। शासकीय प्राथमिक शाला रूवातला से प्रधान पाठक पद पर पदोन्नत होकर प्राथमिक शाला दोडकी विकासखंड डोंगरगढ़ में हुआ, जिन्हें शाला परिवार द्वारा विदाई सम्मान दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पदोन्नत प्रधान पाठक पंचभाई, विशिष्ट अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, प्रधानपाठक लूणकरण वर्मा, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक बंदिश नेमपांडे, आरके साव, संकुल समन्वयक तिलेश्वर वर्मा, राजेंद्र कुमार साहू, मो. अमीन कुरैशी, ग्राम सचिव नारायणदास साहू, रोजगार सहायक कलेश वर्मा, संध्या गोस्वामी, नीतू वर्मा, लोकमती वर्मा, ठगन वर्मा, अन्नपूर्णा मांडवी, रमशिल वर्मा एवं आरती वर्मा आदि उपस्थित थे।

### उच्च स्तरीय जांच की मांग

**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय



मिश्रा ने आरक्षक आत्महत्या मामले व आरक्षक भर्ती मामले में कड़ी प्रतिक्रिया देते कहा कि इससे यह पूरा मामला बेहद संवेदनशील हो चुका है। यह भी जानकारी में आया है कि शव के हाथ पर लिखा था कि कर्मचारियों को फंसाया जा रहा है और अधिकारियों को बचाया जा रहा है, यह लिखा होना किसी बड़ी साजिश की ओर इशारा करता है। आखिर कौन अधिकारी शामिल हैं और उन्हें कौन बचा रहा है। श्री मिश्रा ने कहा कि वह पहले भी अपने जारी बयान में कहा था, जब पहली बार डीजी के पत्र को लेकर न्यायालय ने स्टे लगाया था कि यह एक सुनियोजित घोटाला है, इसकी जानकारी मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को न होना संभव नहीं है। उसके बाद से लगातार आरक्षक भर्ती में अनियमितताओं की खबरें आने लगी। कई अभ्यर्थियों ने आरोप लगाए, शिकायतें की, तब जांच में कर्मचारियों को आरोपी बनाया गया और अब उसके बाद यह घटना हो जाना यह सब यही इशारा करते हैं कि इसमें कई बड़े लोगों का भी हाथ है, जो प्रशासन में हैं और सवाल भी उठते हैं कि उन्हें बचाने वाले क्या सरकार में हैं? और अब जो कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाया जा रहा है, वो किसके इशारे पर बनाया जा रहा है, किसके इशारे पर अधिकारी आरक्षक भर्ती में घोटाला कर रहे थे, यह सभी बड़े सवाल हैं।

### भष्ट्राचार के मामले में रमन मौन क्यों है?

**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि



राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह के क्षेत्र में भ्रष्टाचार के मामले जो दब रहे हैं, उसमें डॉ. रमन सिंह मौन क्यों है? पूर्व पार्षद श्री ओस्तवाल ने विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कहा कि डबल इंजन की सरकार में जिस तरह से डॉ. रमन सिंह के विधानसभा क्षेत्र में भष्ट्राचार के मामले को दबाने जिस तरह से जिला-प्रशासन के आला अधिकारी बेखौफ होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सरकार को जो आंख दिखा रहे हैं, इससे भाजपा की कलाई डॉ. सिंह के विधानसभा क्षेत्र में स्पष्ट रूप से खुलती नजर आ रही हैं।

### उल्लास से मनी घासीदास की जयंती

**सड़क अतरिया।** खैरा नवापारा में सोमवार को सतनामी समाज एवं ग्रामीणों ने गुरू घासीदास की जयंती उल्लास से मनाया गया। इस मौके पर शोभायात्रा निकालकर जैतखाम का विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। उनके आदर्शों को आत्मसात करने लोगों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मनमोहक पंथी नृत्य का आयोजन किया गया।

### स्टेट स्कूल मैदान में फुटबाल प्रतियोगिता

**राजनांदगांव।** काका फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में द्वितीय वर्ष 7-ए



साईड फुटबॉल प्रतियोगिता स्टेट स्कूल मैदान राजनांदगांव में शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष इरफान शेख, जिला उपाध्यक्ष हरि जोसेफ और विशेष अतिथि जिला मंत्री बीजेपी प्रिंस भाटिया उपस्थित थे। पहला मैच शिव फ्रेंड क्लब विरूद्ध साइंस कॉलेज राजदगांव के मध्य खेला गया। जिसमें साइंस कॉलेज ने टीब्रेकर में 3-2 से जीत हासिल की। दूसरा मैच फ्रैंक ब्रदर्स-बी विरूद्ध पीटीएस-ए के मध्य खेला गया। जिसमें फैंक ब्रदर्स-बी ने 1-0 से जीत हासिल की। अंतिम व तीसरा मैच ब्रिंग-11 विरूद्ध पीटीएस-बी के मध्य खेला गया। जिसमें ब्रिंग-11 ने 3-0 से जीत हासिल की।

### गृहमंत्री छोड़े अपना पद

**सड़क अतरिया।** युवा कांग्रेसी नेता विजय वर्मा ने आरोप लगाया है कि



भाजपा राज में नौकरियां बेचा जा रहा है जिससे युवा ठगा महसूस कर रहे है। आरक्षक भर्ती घोटाले के तार सत्ता के उच्च पदस्थ लोगों से जुड़े होने की आशंका जताते हुए कहा कि आरक्षक अनिल रत्नाकर के आत्महत्या करने और उसकी हथेली पर लिखे गये नोट्स से यह मामला गंभीर हो गया है। उन्होंने कहा कि इस बात की जांच होना चाहिए कि अनिल रत्नाकर ने आखिर क्यों आत्महत्या किया? उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोगों के संरक्षण के बिना भर्ती घोटाला होना संभव नहीं है। सरकार तथा पुलिस के उच्चाधिकारी कार्यवाही करने के बजाए मामले को दबाने में लगे है। उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती प्रक्रिया में कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए मैनुअल और रिजल्ट में गोलमाल किया गया है। गोला फेंक और ऊंची कूद के मैनुअल रजिस्टर और रिजल्ट में धांधली की गई है। उन्होंने कहा कि गड़बड़ी उजागर होने के बाद गृहमंत्री विजय शर्मा अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

### मड़ियान मड़ई 25 को

**मड़ियान।** ग्राम पंचायत मड़ियान में आगामी 25 दिसंबर को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में मुड़माड़ी वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी देते हुए केशव मंडावी ने अंचल के लोगों से शामिल होने की अपील की है।

### आतिशबाजी के साथ मना जश्न

# विवादों के बीच भाजपा अध्यक्ष की घोषणा, हाथापाई की नौबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में आज भाजपाध्यक्ष की घोषणा उस समय विवादों में घिर गई, जब मंडल के प्रभारी राजेंद्र गोलछा राजनांदगांव से डोंगरगढ़ घोषणा करने पहुंचे। पार्टी कार्यालय में हाथापाई की नौबत आ गई। बड़ी संख्या में नाराज कार्यकर्ताओं ने परिवारवाद का आरोप लगाते कहा कि जिस परिवारवाद को नकारने भाजपा का मूलमंत्र मोदी से लेकर योगी और सामान्य कार्यकर्ता तक हैं, इसके विरोध में नगर के कुछ वरिष्ठों ने कार्यकर्ताओं का सम्मान ना कर परिवारवाद पर मुहर लगा दी है।

अपने आपको कार्यकर्ताओं की बडी संगठित और संयमित पार्टी कहलाने वाली भाजपा का चाल-चरित्र और चेहरा आज भाजपा कार्यालय में कई लोगों ने देखा। इसे लेकर नगर में जबरदस्त चर्चा का दौर जारी है। अब देखना यह है कि 35 वर्षीय नवनियुक्त अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना सबको लेकर किस तरह चलते हैं। जबकि उन पर पहले ही दिन परिवारवाद का आरोप जमकर लगा है।

**शाम को जमकर फूटे पटाखे**

इधर शाम को गोलबाजार से लेकर नगर के चौक-चौराहों में जमकर आतिशबाजी कर दूसरे गुट ने जश्न मनाया। जाहिर है कि विरोध की प्रतिक्रिया पटाखे फोड़कर की गई है और इसके चलते कार्यकर्ताओं के बीच खाई और गहरी होने की संभावना बन गई है।



**बीच-बचाव से मामला सुलझा**

कार्यकर्ताओं का आरोप था कि क्या एक ही परिवार के लोग इस बड़ी पार्टी को चलाने के लिए सक्षम है, बाकी सब कार्यकर्ताओं को इसका मौका कब मिलेगा। इस तरह पूर्व मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस कक्कड़, सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी, वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सोनी, साहू समाज के अध्यक्ष व भाजपा के युवा नेता वीरेंद्र साहू सहित अन्य लोगों ने अपना पक्ष रखते हुए शहर अध्यक्ष पद में घोषणा का जमकर विरोध किया। बीच में हाथापाई की नौबत भी उस समय आ गई, जब जिला भाजपा की उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बन्नोआना ने प्रिंस कक्कड़ को बाहर चले जाने के लिए कह दिया। कार्यकर्ताओं ने बीच बचाव कर किसी तरह मामला सुलटाया, किंतु अधिकांश कार्यकर्ताओं में व्याप्त नाराजगी ने एक लंबी लकीर विरोध की खड़ी कर दी है। जिसका खामियाजा आगामी नगरीय निकाय चुनाव में देखने मिल सकता है।

## डीएसएल का आयोजन 3 से दस टीमों के खिलाड़ी तय

**डोंगरगढ़।** आईपीएल की तर्ज पर आगामी 3 जनवरी से हाईस्कूल मैदान में डीएसएल सीजन 4 का आयोजन डोंगरगढ़ क्रिकेट क्लब ने किया है। रविवार को टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 10 टीमों के आनर और आईकॉनिक प्लेयर ने टीम का चयन किया।

एक लाख पॉइंट के हिसाब से हर टीम ने अपने 11 खिलाड़ियों का चयन किया है। प्रथम आने वाली टीम को 66666, उपविजेता को 44444 रूपए का इनाम दिया जाएगा। वहीं डोंगरगढ़ क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में जूनियर सीजन 2 का भी आयोजन किया जा रहा है। जूनियर में विजेता को 15 हजार, उप विजेता को 10 हजार दिया जाएगा। क्लब की कोर कमेटी के मेंबर अक्षय चौरडिया, संदीप सिंह गहरवार, विजयसिंह, बबली, निखिल जैन, रजत देशपांडे, मुकेश अग्रवाल, राजेश जोगा, कवि रंजन मंडल, अमित कनौजिया ने बताया कि 9 दिन तक खेले जाने वाले इस सीजन में शहरवासियों को खूब आनंद मिलेगा। टूर्नामेंट में लगभग 135 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। फाइनल 11 जनवरी को खेला जाएगा। टूर्नामेंट में ताज एग्रो, द कोर, भगत सिंह फाइटर, राजस्थान रॉयल, श्याम पावर हिटस, जेडीएस टाइटन, एमसीजी 11, देशपांडे फाइटर, शिवलिंग बिल्डकॉन भाग लेंगी।

### लक्ष्य अध्ययन यात्रा रवाना



**सड़क अतरिया।** लोधी समाज के लक्ष्य छत्तीसगढ़ की सात दिवसीय अध्ययन यात्रा गत दिनों रवाना हुई। इस यात्रा में लोधी समाज खैरागढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, नांदगांव, बिलासपुर, कवर्धा, मुंगेली के 145 छात्र सम्मिलित हैं। यात्रा को पूर्व विधायक कोमल जंघेल, लक्ष्य के संरक्षक किशोर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा, खैरागढ़ के अध्यक्ष कोमल नारायण वर्मा, चैनदास जंघेल, केके सिघनौर, फत्तेलाल, अशोक वर्मा, सावित्री वर्मा, गुनाराम, मोनेश्वर वर्मा, नोहरू वर्मा, अशोक जंघेल, महादीप जंघेल, कृतलाल जंघेल ने हरि झंड़ी दिखा कर रवाना किया। 22 दिसंबर से शुरू हुई यात्रा जबलपुर, भेड़ाघाट, छिंदवाड़ा, चौराई, पचमढ़ी, पिपरिया, उज्जैन का भ्रमण करते हुए अगामी 27 दिसंबर को वापस आएगी।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गौरांश विला रिद्धी-सिद्धी कालोनी फेस-2 राजनांदगांव में 22 दिसंबर को कलश यात्रा के साथ 8 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। भागवत कथा का आयोजन स्व. अनिल कुमार सार्वा एवं स्व. श्रीमती निर्मलाकांत सार्वा की पुण्य स्मृति में आयोजित की जा रही है।

कथा व्यास परम पूज्य आचार्यश्री श्याम उपाध्याय श्री आयोध्या धाम उत्तरप्रदेश के मुखारविंद एवं पं. आचार्यश्री अनिल तिवारी पनेका वाले की उपस्थिति में प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 7 बजे तक होने जा रहा है।श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस रविवार को कलश यात्रा के साथ-साथ भागवत कथा का आरंभ हो गया। वहीं प्रथम दिवस गोकर्ण उपाख्यान हुआ। द्वितीय दिवस सोमवार को भीष्म स्तुति, शुकदेव आगमन, तृतीय दिवस सृष्टि प्रकरण, सती चरित्र, धुरव चरित्र, चतुर्थ दिवस प्रहलाद चरित्र, गजेन्द्र मोक्ष, वामन चरित्र, संक्षिप्त श्रीराम कथा, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, पंचम दिवस बाल लीला एवं गोवर्धन पूजा, षष्टम दिवस रासलीला, मथुरा गमन, कंस उद्धार, गोपी उद्धव संवाद, श्रीकृष्ण रूख्मणी विवाह, सप्तम दिवस सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, मथा विश्राम तथा अंतिम व अष्टम दिवस गीता पाठ, तुलसी वर्षा एवं हवन पूर्णाहुति एवं प्रसादी भंडारा किया जाएगा। उक्त आयोजन लोकेश कुमार- श्रीमती शैलेन्द्र साहू एवं परिवार द्वारा कराया जा रहा है।

## फरवरी में झेरिया यादव समाज का सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव की राजनांदगांव महानगर इकाई द्वारा आगामी फरवरी माह में सामाजिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन तथा आदर्श विवाह का आयोजन किया जाएगा। रविवार को आयोजित समाज की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया।

समाज के महामंत्री सुदेश यादव ने उक्त जानकारी देते बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए राजनांदगांव जिले के सभी सर्किल, मंडल एवं ग्राम स्तर के पदाधिकारियों के माध्यम से विवाह योग्य युवक-युवतियों का बायोडाटा मंगाए जाएंगे। आगामी बैठक में आयोजन तिथि और आयोजन स्थल निर्धारित की जाएगी। समाज के अध्यक्ष गरीबाराम यादव ने समाज के स्वजातीयजनों से अपने घर के विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा अपने आसपास के पदाधिकारियों को भेजकर इस अवसर का उचित लाभ लेने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



## बैडमिंटन स्पर्धा 3 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर के वार्ड 7 स्थित इंडोर स्टेडियम में आगामी 3 से 5 जनवरी तक ओपन डबल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। विभिन्न जिलों से आने वाली टीम तीन दिनों तक शाम 6 बजे से मैच खेलेंगी। प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 501 रुपए निर्धारित है।

प्रतियोगिता में 40 साल से कम एवं 40 साल से अधिक उम्र के खिलाड़ियों के बीच मैच होगा। दोनों कैटेगिरी में प्रथम आने वाली टीम को शील्ड, 10 हजार, द्वितीय को शील्ड, 5 हजार एवं तृतीय आने वाले टीम को शील्ड एवं 3 हजार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बसंल, विशिष्ठ अतिथि जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष सर्वेश सिंह रहेंगे।

## सड़क खस्ताहाल, सांसद ने दिया निर्माण का आश्वासन

**कन्हारगांव।** कन्हारगाँव से डोंगरगढ़ मार्ग पर बसे ग्राम लतमर्रा, लोहझरी, संडीडीह के ग्रामीण आवागमन करते हैं। इन चारो गाँव की जनसंख्या करीब 4000 है।चारो गाँव के ग्रामीणों के ब्लॉक मुख्यालय पहुंचने के लिए यही सीधा मार्ग है। बीच बीच में यह सड़क कच्ची है। इस मार्ग के 60 से 70 प्रतिशत हिस्से का डामरीकरण हो चुका है।

कन्हारगाँव से दो किलोमीटर तक पक्की सड़क फिर लतमर्रा तक सिर्फ 500 मीटर कच्ची सड़क, लतमर्रा से संडीडीह तक पक्की सड़क और फिर संडीडीह से करवारी तक 2 किमीकच्ची सड़क है। करवारी से डोंगरगढ़ तक डामरीकरण हो चुका हैं। यह सड़क आधी बन चुकी है। आधी सड़क का बनना शेष है। ग्रामीणों द्वारा लगातार मांग करने के बाद भी सड़क का डामरीकरण नहीं हो सका है। इस संबंध में गत दिनों ग्राम पंचायत कन्हारगांव के सरपंच प्रतिनिधि गंगाधर साहू ने सांसद संतोष पांडे से मुलाकात कर ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने जल्द इस मार्ग को स्वीकृति कराने का अनुरोध किया। सांसद ने आश्वासन दिया है कि ग्रामीणों की समस्या का जल्द निराकरण किया जाएगा। जल्द इस सड़क का कार्य शुरू किया जाएगा।




## टीम ने किया आसपास के स्कूलों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की टीम ने उच्च शिक्षा विभाग के पोषक-विद्यालय संपर्क अभियान के अंतर्गत आसपास के विद्यालयों का दौरा किया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) की प्रमुख विशेषताओं से अवगत कराना, महाविद्यालय की उपलब्धियों और सुविधाओं का परिचय देना और उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) बढ़ाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाना था। टीम का नेतृत्व महाविद्यालय की संयोजक डॉ. युगेश्वरी साहू ने किया। उनके साथ डॉ. अर्चना खरे और चंदन साहू भी इस अभियान का हिस्सा रहे। टीम ने महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल का 13 दिसंबर, डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र स्कूल का 16 दिसंबर, सर्वेश्वर दास म्युनिसिपल हाई स्कूल का 17 दिसंबर और ठाकुर प्यारेलाल सिंह स्कूल का 20 दिसंबर को दौरा किया।

इस दौरान डॉ. युगेश्वरी साहू ने छात्रों को एनईपी 2020 की मुख्य विशेषताओं और इसके लाभ पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह नीति उच्च शिक्षा के ढांचे में किस प्रकार सकारात्मक बदलाव लाती है और छात्रों के समग्र विकास में सहायक हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि महाविद्यालय छात्रों को हर संभव सहायता प्रदान करेगा, ताकि उनका शैक्षणिक अनुभव बेहतर हो सके। डॉ. अर्चना खरे ने महाविद्यालय की शैक्षणिक सुविधाओं, उपलब्धियों और पाठ्यक्रम संरचना का परिचय दिया। चंदन साहू ने छात्रों को करियर मार्गदर्शन प्रदान किया और भविष्य की योजनाओं को प्रभावी ढंग से तैयार करने उपयोगी सुझाव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में छात्रों और शिक्षकों से फीडबैक लिया गया और उनके सुझावों पर चर्चा की गई।




## बेहतर काम के लिए मितानिनें सम्मानित



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत पंडरिया में सोमवार को मितानिन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मितानिनों को तिलक लगाकर और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सरपंच ज्योति जंघेल ने कहा कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य, महिला एवं शिशु की देखरेख एवं ग्रामीणों को सजग करने में मितानिने बेहतर भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर सुरेन्द्र जंघेल, नेतराम जंघेल, गंगोत्री जंघेल, बीना जंघेल, प्रतिमा जंघेल, लुकेश्वरी जंघेल, शीतला जंघेल, उषा जंघेल, शारदा जंघेल, कोमल जंघेल, संतोष जंघेल, रमेश जंघेल, रामचन्द्र जंघेल, निराशा यादव, उर्मिला नेताम, राजू जंघेल, हेमंत धुर्वे आदि मौजूद थे।

## कोपेडीह में छत्तीसगढ़ी खेल 31 को

**राजनांदगांव।** ग्राम कोपेडीह में ग्रामवासी एवं कोपेडियन विलेजर्स वेलफेयर फाउंडेशन कोपेडीह के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय कोपेडीह महोत्सव का आयोजन आगामी 31 दिसंबर एवं 1 जनवरी को किया जा रहा है।

कोपेडियन विलेजर्स फाउंडेशन के अध्यक्ष परसराम साहू ने बताया कि 31 दिसंबर को खेल प्रोत्साहन के तहत महिला, पुरुष, युवा वर्ग एवं बच्चों के लिए पारंपरिक छत्तीसगढ़ी खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रद्धांजलि संगीत संध्या, रिकॉर्डिंग डांस, फैंसी ड्रेस सहित विविध आयोजन एवं नववर्ष अभिनंदन कार्यक्रम होगा। 1 जनवरी को सांस्कृतिक कला महोत्सव कार्यक्रम के तहत रामायण सिया के राम मानस परिवार पड़की भाट बालोद, सुआ नृत्य कहि देबे सुआ ल संदेश, सुआ नृत्य ससहापपलारी बलौदाबाजार, रामायण उमाशंकर मानस मंडली डिपरापारा दुर्ग, पंडवानी आदर्श पंडवानी पिरदा बेमेतरा, लोक कला माटी के महिमा लोक कला मंच दुर्ग, गुरु ग्रंथ पंडवानी आदर्श पंडवानी (गायिका त्रिवेणी साहू) पिरदा बेमेतरा, जस झांकी भारत दर्शन जस झांकी परिवार भिंम्भौरी बेमेतरा की प्रस्तुति होगी। परस राम साहू अध्यक्ष, विष्णु सिंह साहू उपाध्यक्ष, मानिक साहू कोषाध्यक्ष, रमेश यदु सचिव, विजय अग्रवाल सहसचिव, मदन साहू संरक्षक व अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, सदस्यगण तीरथ साहू उपसरपंच, राजेश साहू, भूपेंद्र, गौकरण पवार, कुलेश्वर साहू, दिलेश्वर साहू, दुग्धे दीपक साहू, हरेंद्र सिंह, भूपेंद्र ठाकुर, पवन साहू, यवनेश साहू, गोवर्धन साहू, रोशन साहू, श्रवण नागवंशी, लोमस साहू ने कार्यक्रम की व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी है।

**आम सूचना**

मेरे कार्यार्थी से प्राप्त अधिकार एवं निर्देश अनुसार एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे कार्यार्थी शिवा ग्रुप आफ इंडस्ट्रीज प्रोपा. श्री रूपेश कुमार चंद्राकर द्वारा पिता श्री शिवप्रसाद चंद्राकर निवासी ग्राम तर्रा, तहसील पाटन जिला दुर्ग छग द्वारा सद्गुरू श्री कबीर सेवा आश्रम अध्यक्ष संत श्री सुकृत साहेब गुरू श्री गुरूशरण साहेब, सचिव-संत श्री तामेश्वर साहेब गुरू श्री सुकृत साहेब, सदस्य-संत श्री भुनेश्वर साहेब गुरू श्री सुकृत साहेब सभी निवासी शिवमंदिर रोड वार्ड क्रमांक 18, पोस्ट व तहसील खैरागढ़ जिला केसीजी छग के स्वामित्व व आधिपत्य की ग्राम अरचेडबरी पहन 02 रानिमं पांडादाह, तहसील खैरागढ़ स्थित कृषि भूमि खनं 126/1 रकबा 9.794 हे (24.20) एकड़ एवं खनं 126/2 रकबा 9.794 हे. (24.20) एकड़ इस तरह कुल खनं 02 रकबा 19.586 हे. (48.40) एकड़ को खरीदने का पक्का सौदा श्री संतोष कामड़े, पिता श्री दुखुराम कामड़े उम्र 48 साल निवासी टिकरीपारा छुईखदान जिला केसीजी छग के माध्यम से किए है जिसका पंजीयन विक्रय पत्र उप पंजीयक कार्यालय खैरागढ़ मे किया जाना सुनिश्चित किया गया है। अतः इस आम सूचना पत्र के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति के स्वत्व, आधिपत्य अथवा अन्य किसी तरह के हक के संबंध में आपत्ति हो तो मेरे कार्यार्थी के निवास सह कार्यालय अथवा मेरे कार्यालय मे सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिवस भीतर प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा उक्त संपत्ति का पंजीयन विक्रय पत्र निष्पादित करा लिया जाएगा।

सूचना जाने।

**कमल कांत पाण्डेय**
नोटरी/अधिवक्ता, खैरागढ़
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) मो. 9425565949

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) मोहला**
जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)
**// ईश्तहार //**

एतत द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सेवाराम पिता मेहतरराम जाति गोड़ निवासी मेरेगांव तहसील अं.चौकी जिला मोहला मानपुर अं.चौकी द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम मेरेगांव, प.ह.न. 17 रा.नि.म. एवं तहसील अं०चौकी स्थित भूमि खसरा नंबर 37/1 रकबा 0.1130 हे./1130 वर्गमीटर परिवर्तित भूमि को कृषि प्रयोजन के लिये पुर्ननिर्धारण किये जाने आवेदन पत्र के साथ नक्शा, खसरा बी-1 एवं बयनामा की छायाप्रति की प्रति पेश किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति व उजर हो तो अपना दावा/आपत्ति दिनांक 31/12/2024 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित हो कर अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समय बाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा०)
मोहला
जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी

**बारहवीं पुण्यतिथि**

तुम्हारी मुस्कान से, महकता था घर सारा।
अब तो यादें ही बनी है, जीने का सहारा।।



- जन्मतिथि - 03.08.1968
- निर्वाण - 24.12.2012

**स्व. श्रीमती भोजबाई साहू**

**के आज पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि...**

शोकाकुल परिवार :- रमेशचन्द्र साहू (शिक्षक) पति
शिवेन्द्र एवं अनुराधा (पुत्र एवं पुत्रवधु), देवेन्द्र-काजल साहू (पुत्र-पुत्रवधु)
कामता-कुसुमलता साहू (दामाद-पुत्री), कु.दीक्षा साहू (आशी),
वेद साहू (पोती-पोता), भाव्या साहू (पोती) केशवी साहू (नातिन)

**समस्त साहू परिवार, ग्राम राजाभानपुरी**

## सार समाचार

### स्कूली बच्चे विधानसभा देखकर हुए अभिभूत

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज मनोरम दृश्य देखने को मिला। जब राजनांदगांव विधानसभा ग्राम खैरा के पूर्व माध्यमिक शाला के नन्हे नन्हे बच्चों ने विधानसभा पहुंचकर छत्तीसगढ़ विधानसभा को अपनी आंखों से देखा और बच्चों के उत्साह और उमंग के साथ-साथ कई बच्चों के मन में कई प्रश्नों को जानने की जिज्ञासा भी थी। विदित हो कि विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने इन बच्चों की जिज्ञासा को शांत करने में मदद की और उन्हें विधानसभा का भ्रमण करवाया। इस अवसर पर सभी बच्चों ने अपने अध्यापकों के साथ डॉक्टर रमन सिंह के साथ फोटो भी खिंचवाया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पुष्पलता शर्मा, मिथिलेश्वरी वैष्णव, गीता अली, प्रमोद साहू, रोसली टोप्पो, संजना शर्मा, श्रेया शर्मा उपस्थित थी।



### वाईडनर स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का समापन

**राजनांदगांव।** वाईडनर मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन 19 से 21 दिसंबर तक किया गया। जिसका समापन 21 दिसंबर को मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एवं विशिष्ट अतिथि नागेश राव सीनियर एडवोकेट, हरी जोसेफ अल्पसंख्यक वाइस प्रेसिडेंट, चंद्रभूषण साहू एसएसआई, आलोक शर्मा वरिष्ठ पत्रकार, रंजीत पंड्रे इंडियन सुपर लीग फुटबॉल खिलाड़ी, विनीत रंजन खेल शिक्षक शा.उ.मा. शाला खैरझिटी, तरनदीप सिंह अरोरा खेल शिक्षक आत्मानंद स्कूल सुकुलदैहान के करकमलों से किया गया। इस दौरान शाला के मैनेजर फादर जोसेफ राज, प्राचार्य टी. अमलासीलन एवं शाला परिवार की उपस्थिति रही। जिसमें स्कूल के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अनेक पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं 10वीं और 12वीं में उच्च स्तर प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस दौरान ग्रीन हाउस को प्रथम, ब्लू हाउस को द्वितीय एवं मरून हाउस को तृतीय पुरस्कार दिया गया।



### विद्यार्थियों ने मनोवैज्ञानिक उत्पीड़न को समझा

**राजनांदगांव।** मनोवैज्ञानिक उत्पीड़न विषय पर स्थानीय कॉन्फ्लुएन्स कॉलेज में बैचलर ऑफ एजुकेशन के छात्र-छात्राओं को छग राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शरद श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य रचना पांडे विशेष रूप से उपस्थित थी।




स्थानीय कॉन्फ्लुएन्स कॉलेज में छात्र-छात्रओं के लिए मनोवैज्ञानिक उत्पीड़न जैसे संवेदनशील विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाल आयोग के पूर्व सदस्य और मोटिवेशनल स्पीकर शरद श्रीवास्तव द्वारा मानसिक उत्पीड़न की परिभाषा, मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव, मानसिक उत्पीड़न के पहलू एवं निवारण के उपाय पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण सत्र को रोचक और मनोरंजक बनाने विभिन्न खेल, कहानी और गतिविधियों को जोड़ा गया। प्रशिक्षण के दौरान मानसिक उत्पीड़न के प्रकार, कारण, प्रभाव सहित व्यक्तिगत संबंधों में मानसिक उत्पीड़न जैसे पहलुओं पर प्रतिभागियों की समझ विकसित की गई। प्रशिक्षक श्री श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को कानूनी दृष्टिकोण से जोड़ते सुरक्षा के नियम जैसे कार्य स्थल सुरक्षा कानून, घरेलू हिंसा कानून, मानसिक स्वास्थ्य कानून सहित विभिन्न कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। सत्र के दौरान जागरूकता अभियान, नीतियों का विकास, प्रशिक्षण सहित मानसिक उत्पीड़न को रोकने विभिन्न उपाय बताए गए।

### शकिल हॉकी इंडिया लीग के निर्णायक नियुक्त

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय हॉकी निर्णायक शकिल अहमद आगामी 28 दिसम्बर से 1 फरवरी तक राऊरकेला और रांची (झारखंड) में होने वाले हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) चैम्पियनशिप में निर्णायक की भूमिका निभाएंगे।



जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि शकिल अहमद की नियुक्ति 28 दिसंबर 2024 से 1 फरवरी 2025 तक राऊरकेला और रांची (झारखंड) में आयोजित हीरो हॉकी इंडिया लीग चैम्पियनशिप में हॉकी इंडिया द्वारा की गई है। शकिल अहमद उक्त प्रतियोगिता के लिए 26 दिसम्बर को राऊरकेला के लिए रवाना होंगे। शकिल अहमद पिछले कई वर्षों से हॉकी इंडिया के राष्ट्रीय निर्णायक है। उन्होंने संपूर्ण भारत में अनेक प्रतियोगिताओ में शानदार निर्णायकी की। जिसमें ओबेदुल्ला खां गोल्ड कप भोपाल, एशियन स्कूल गेम भोपाल, नेशनल गेम गोवा, सीनियर नेशनल चैंपियनशिप लखनऊ, खेलो इंडिया यूथ गेम पंचकूला हरियाणा, खेलो इंडिया यूथ गेम ग्वालियर एमपी, इंडियन ऑयल सर्विसेज सुरजीत आल हॉकी टूर्नामेंट जालंधर आदि प्रमुख है।

# डीएचए नांदगांव से सांई पराजित, बसंतपुर और मिलचाल का मैच ड्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ हॉकी और जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में रुद्रारक्षम वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित की जा रही छत्तीसगढ़ हॉकी लीग प्रतियोगिता में प्रतियोगिता के तीसरे दिन 4 मैच खेले गए। पहला मैच मिनी बालक वर्ग में बसंतपुर विरुद्ध मिलचाल के मध्य खेला गया। जिसमें दोनों टीम 4-4 गोल की बराबरी पर रही। मिलचाल की ओर से प्राण साहू ने 2 गोल, तुलेश्वर और राशि ने 1-1 गोल किया।

वहीं बसंतपुर की ओर से नमन देवांगन ने 2 गोल, हीना और देवेंद्र ने 1-1 गोल किए। दूसरा मैच (बालक वर्ग) में हॉकी नागपुर विरुद्ध खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव के मध्य खेला गया। जिसमें राजनांदगांव की टीम ने नागपुर के टीम को एकतरफा मुकाबले में 9-0 गोल से पराजित किया। खेलो इंडिया राजनांदगांव ने शुरूआती समय से अटैकिंग खेल का प्रदर्शन किया। खेलो इंडिया राजनांदगांव की ओर से आदर्श ने 4 गोल, मोहम्मद सोएब और अभिषेक यादव ने 2-2 गोल और गुलशन यादव ने 1 गोल किया। तीसरा मैच सांई सेंटर राजनांदगांव विरुद्ध डीएचए राजनांदगांव (बालिका वर्ग) के मध्य खेला गया। जिसमें डीएचए राजनांदगांव ने 2-1 से जीत दर्ज की। डीएचए की ओर से मधु सिदार एवं दामिनी कुशरो ने 1-1 गोल तथा भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से अंजलि एक्का ने अपनी टीम के लिए एकमात्र गोल किया।




प्रतियोगिता के दूसरे दिन का अंतिम मैच खेलो इंडिया सेंटर जांजगीर-चांपा विरुद्ध खालसा क्लब कलकत्ता के मध्य खेला गया। इस मैच में जांजगीर-चांपा की टीम ने कलकत्ता बंगाल की टीम को 4-2 से पराजित किया। जांजगीर-चांपा की ओर से पियूष एवं विकास ने 2-2 गोल तथा कलकत्ता की टीम से आदित्य मेरावी एवं सौरभ यादव ने 1-1 गोल किया।

## पांच दिवसीय प्रतियोगिता का समापन

# राष्ट्रीय महिला शतरंज टूर्नामेंट में कनार्टक की आरूषि ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय महिला शतरंज टूर्नामेंट में कर्नाटक की अरूषि सेवरिन ने विजेता का खिताब हासिल किया। पांच दिनों तक कुल 9 राउंड में खेली गई इस में आरुषि (8 अंक) ने पहले राउंड से ही अपनी बढ़त को बरकरार रखा। दूसरा स्थान झारखंड की नाविका जायसवाल (7 अंक) ने हासिल किया। वहीं छत्तीसगढ़ की जैस केसरवानी (7 अंक) ने तीसरे स्थान पर अपनी श्रेष्ठता साबित की।

स्थानीय अग्रसेन भवन में अग्रवाल सभा एवं जिला शतरंज संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस पांच दिवसीय ऑल इंडिया स्मार्ट गर्ल्स ओपन फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट का समापन हो गया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि भावना बोहरा विधायक पंडरिया तथा अध्यक्षता पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने विजेता आरूषि को ट्रॉफी एवं 21 हजार नगद राशि, द्वितीय नाविका जायसवाल को ट्रॉफी एवं 15 हजार तथा तीसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ की जेस केसरवानी को ट्रॉफी एवं 9000 रुपए नगद राशि का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसी तरह चौथा पुरस्कार श्रुति सरकार पश्चिम बंगाल को ट्रॉफी एवं 7 हजार, पांचवा इसीका मडके छत्तीसगढ़ को मोमेंटो एवं एवं 5000 नगद राशि प्रदान की गई। 6वें से 10वें स्थान पर रहने वाली खिलाड़ियों को मोमेंटो एवं 2000 नगद राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई। जिसमें हिमानी देवांगन छत्तीसगढ़, अंजुम परवीन छत्तीसगढ़, असिका पांडे छत्तीसगढ़ ,अलुपूला हरिप्रिया तेलंगाना एवं परी तिवारी छत्तीसगढ़ शामिल रही।




### राष्ट्रीय स्पर्धा से मिली शतरंज को नई ऊंचाईः भावना

मुख्य अतिथि भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के माध्यम से शतरंज को नई ऊंचाई प्रदान की है। विनोद राठी एवं उनकी टीम को इसका श्रेय जाता है। अध्यक्षता करते पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि इस टूर्नामेंट से राजनांदगांव का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है। उन्होंने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते कहा कि अपनी प्रतिभा से मन एवं मैदान दोनों जीतने का प्रयास करें। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल में कहा कि ऐसे आयोजनों के लिए हम आगे भी तत्पर रहेंगे। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ललित भंसाली ने कहा कि उच्च स्तरीय सुविधा उपलब्ध कराने का हमारा प्रयास सफल रहा। विविध आयु समूहों के तहत विजेता एवं उप विजेता खिलाड़ियों को मोमेन्टो, प्रमाण पत्र एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। यह टूर्नामेंट ईनाम वह आयोजन की दृष्टि से अब तक का सर्वश्रेष्ठ कहा जा सकता है। मंच पर विशिष्ट अतिथि पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी किरण अग्रवाल, प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी, समाजसेवी विनोद लोहिया, प्रेमचंद गोलछा, सन्नी बैद, अग्रवाल सभा के निवृत्तमान अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, संयोजक प्रशांत गुप्ता, अशोक अग्रवाल, आलोक बिंदल भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संजय अग्रवाल एवं शतरंज प्रशिक्षक शेख लतीफ ने किया। आभार प्रदर्शन अग्रवाल सभा के सचिव आलोक बिंदल ने किया।

# तीरंदाजी के लिए खिलाड़ियों में एकाग्रता जरूरीः साहू



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी 24 से 27 दिसंबर तक इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन भुवनेश्वर उड़ीसा में होने जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु हेमचंद यूनिवर्सिटी द्वारा इंटर कालेज तीरंदाजी प्रतियोगिता कराकर विवि की तीरंदाजी टीम तैयार कर ली गई है। उक्त तीरंदाजी टीम प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करे इस हेतु 18 से 22 दिसंबर तक इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में तीरंदाजी कैंप का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन हेमचंद विवि दुर्ग के उप कुलसचिव दिग्विजय साहू द्वारा किया गया।

18 दिसंबर को उद्घाटन सत्र में हेमचंद विवि दुर्ग से आए अतिथि उप कुलसचिव दिग्विजय साहू एवं स्थानीय कालेजों के क्रीड़ा अधिकारियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उप कुलसचिव दिग्विजय साहू ने कहा कि खिलाड़ियों की गुणवत्ता सुधारने कोच अपनी पूरी ताकत लगा देते हैं। इस अवसर पर डॉ. नीता नायर क्रीड़ा अधिकारी कमला कालेज, ठाकुर सर क्रीड़ा अधिकारी उतई कॉलेज दुर्गा, अरूण चौधरी क्रीड़ा अधिकारी दिग्विजय कालेज ने विगत कई वर्षों से इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता में राजनांदगांव के खिलाड़ियों के प्रदर्शन एवं उपलब्धियों को बताया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मृणाल चौबे अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ने कहा कि तीरंदाजी खेल के लिए कोच राहुल साहू का समर्पण एवं प्रशिक्षण की देन है कि राजनांदगांव तीरंदाजी के क्षेत्र में नाम रौशन कर रहा है। कोच राहुल साहू ने बताया कि इस अवसर पर खेल मैदान में प्रशिक्षणरत सभी खिलाड़ियों का अंडर-19, 17, 14 वर्गवार ट्रायल मैच कराया गया। ट्रायल मैच में जीतने वाले प्रथम एवं द्वितीय खिलाड़ियों को उप कुलसचिव दिग्विजय साहू ने मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

## महिला पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुबह के समय एक महिला पर आरोपी ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरवपथ के पास आज सुबह एक महिला पर आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया, जिसे गंभीर अवस्था में उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी एवं महिला के बीच बीती रात किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान महिला ने आरोपी के बाइक को तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया था। आज सुबह महिला घर पर अपना सामान लेने आई, जिस पर आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# आरक्षक भर्ती गड़बड़ी को ट्रैक कर सामने लाया गया : चौधरी

**राजनांदगांव।** शहर के पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे छत्तीसगढ़ प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने राजनांदगांव शहर में हुए आरक्षक भर्ती गड़बड़ी के मामले को लेकर कहा है कि चलती भर्ती के बीच में जो भी गड़बड़ी हो रही थी, उसे ट्रैक करके सामने लाया गया है। उन्होंने कहा कि जो भी गलत करेगा, उसे कठोर सजा मिलेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पारदर्शी तरीके से युवाओं को भर्ती का अवसर दे रही है। पीएससी मामले में जिन्होंने घोटाले किए थे, वह सलाखों के पीछे है और उसमें जांच चल रही है।




केंद्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने आयोजित किए गए शिविर और महतारी वंदन योजना सम्मेलन के अवसर पर पहुंचे वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने योजना से लाभान्वित हो रही महिलाओं का सम्मान किया। वहीं उन्होंने योजना से लाभान्वित हो रही महिलाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने कई वादे एक वर्ष में ही पूरे कर लिए हैं। महतारी वंदन योजना से महिला आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है। उन्होंने बताया कि महतारी शक्ति योजना ग्रामीण बैंक के माध्यम से शुरू की गई है। जिसमें 75 पैसे प्रति माह ब्याज दर पर महिलाओं को 25 हजार रुपए का लोन दिया जा रहा है। जिससे महिलाएं स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सदन योजना से 29 लाख रुपए की लागत से भवन बनवा रही है। जिसका लाभ सीधे महिलाओं को मिलेगा।

# चेकिंग अभियान, 85 वाहनों से 26 हजार वसूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यातायात पुलिस द्वारा जिलेभर में अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई अभियान छेड़ा गया है। जिसके तहत 85 प्रकरणों में 25900 रुपए जुर्माना वसूला गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया था कि आए दिन बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को मद्देनजर रखते अपने-अपने थाना व चौकी क्षेत्रों में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करें।



जिसके तहत 22 दिसंबर को थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 8 प्रकरण में 8 वाहन चालक से 2400 रुपए, थाना छुरिया पुलिस द्वारा 1 प्रकरण में 1 वाहन चालक से 300 रुपए व यातायात पुलिस द्वारा 76 प्रकरणों में 76 वाहन चालकों से 23200 रुपए समन शुल्क लेकर यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं में 87 प्रकरण में 87 वाहन चालकों से 25900 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में लोगों को जागरूक भी किया गया।

# सीएमएचओ ने किया निजी चिकित्सालयों का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत पंजीकृत यूनाईटेड हॉस्पिटल, श्री कृष्णा हॉस्पिटल, जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, समदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में भर्ती सभी मरीजों का योजना अंतर्गत नियमानुसार आयुष्मान कार्ड से ईलाज कराने निर्देशित किया गया। साथ ही जिले में आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन हेतु 70 वर्ष या उससे अधिक वर्ष के शेष 39 हजार 969 हितग्राहियों एवं आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु शेष 57 हजार 598 पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन करने आवश्यक प्रयास करने कहा गया। अस्पताल में ओपीडी एवं आईपीडी मरीजों के साथ आने वाले परिजनों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन करने निर्देशित किया गया।

# आश्रय स्थल में मिलेगी लोगों को पर्याप्त सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा बीते दिनों पुराना विश्राम गृह के पास निगम द्वारा निर्मित आश्रय स्थल रैन बसेरा का निरीक्षण कर प्रभारी से जानकारी लेकर संबंधित अधिकारी को आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाहर से आए लोगों से रूबरू हो, व्यवस्था के संबंध में चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त विश्वकर्मा आश्रय स्थल की सुविधाओं के संबंध में प्रभारी तारकेश्वरी देवांगन से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ठंड बढ़ती जा रही है, जिसे ध्यान में रखते सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रतिदिन आने जाने वाले रहवासियों की जानकारी लेकर रजिस्टर जांच की। प्रभारी श्रीमती देवांगन ने बताया कि 25 से 30 व्यक्ति रूके हुए हैं। जिनसे 30 रुपए प्रतिदिन प्रति व्यक्ति के हिसाब से शुल्क लिया जाता है, उनके द्वारा खाना स्वयं तैयार किया जाता है।



रहवासियों से परिचय पत्र जमा कराकर रजिस्टर में इंद्राज किया जाता है। नौकरी के लिए भर्ती हेतु आए युवक-युवती भी आकर रूकते हैं, जिन्हें महिला-पुरूष अलग-अलग ठहराया जाता है। शौचालय आउट लेट सफाई व मरम्मत तथा रंग-रोगन कराने आयुक्त से निवेदन की। आयुक्त विश्वकर्मा ने बाहर से रूके लोगों से रूबरू हो, व्यवस्था के संबंध मे चर्चा की। उन्होंने आयुक्त ने प्रभारी से आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### शिकायत पर 16 मवेशी पकड़ाए, कन्हारपुरी काजी हाउस पहुंचाया

राजनांदगांव। पशु मालिकों की लापरवाही से मवेशी निगम सीमाक्षेत्र के चौक-चौराहों में घूमते एवं बैठे रहने से यातायात बाधित होने एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओं के लिए भी घातक है, क्योंकि दुर्घटना से मवेशी घायल हो जाते है, कई मवेशियों की मृत्यु भी हो जाती है। दुर्घटना से बचाने नगर निगम द्वारा मवेशी धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही निदान 1100 में प्राप्त शिकायतों के आधार पर भी मवेशी पकड़ा जाता है। अभियान के तहत शनिवार को चौक-चौराहों में 8 घुमंतू एवं बैठे मवेशी पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस पहुंचाया गया। इसके अलावा आमजनों द्वारा निदान 1100 में शिकायत करने पर 16 मवेशी पकड़ कन्हारपुरी कांजी हाउस पहुंचाया गया। मवेशियों को पकड़ने कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने उपायुक्त मोबिन अली के नेतृत्व में नगर निगम की गठित टीम द्वारा मवेशी धर-पकड़ अभियान चलाकर मवेशी मालिकों को मवेशी बांधकर रखने समझाईस दी जा रही है।





## खबर संक्षेप

### कुण्डा भाजपा मण्डल का नवनियुक्त अध्यक्ष बने बालमुकुंद चंद्रवंशी, कार्यकर्ताओं में उत्साह



**हरिभूमि कुण्डा।** जिला भाजपा की अनुशंसा पर शनिवार को प्रदेश भाजपा ने जिले के मण्डल अध्यक्षों की नए सिरे नियुक्ति कर सूची जारी की गई। है। जिसमें जिला चुनाव अधिकारी कबीरधाम रजनीश सिंह द्वारा सूची के मुताबिक जिले के 14 मण्डलो, 7 कवर्धा एवं 7 पंडरिया विधानसभा अंतर्गत मण्डल अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है, वही भाजपा मण्डल कुण्डा से सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत हथमुंड़ी निवासी बालमुकुंद चंद्रवंशी की नियुक्ति की गई है उनके नियुक्ति से जिले व भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है साथ ही साथ उन्हें शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी को जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं जिला नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि मुझ जैसे अंतिम छोर के एक छोटे से कार्यकर्ता के ऊपर पार्टी ने जो विश्वास जताया है मैं अपने दायित्व के निर्वहन में हमेशा तन-मन-धन से लगा रहूंगा पूर्व मण्डल अध्यक्ष एवं कुण्डा मण्डल के सभी वरिष्ठ जनों से अपील करते हुए कहा पार्टी के कार्यों को करने में सहयोग करे। बालमुकुंद चंद्रवंशी के अध्यक्ष बनने पर जिला भाजपा एवं भाजपा नेतृत्व ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।

### सुशासन के एवं वर्ष पूर्ण होने स्कूल में सप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा में 12 से 20 दिसम्बर तक सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर निर्धारित समय सारणी के अनुसार रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, क्विज एवं पोस्टकार्ड लेखन की विधाओं पर स्कूली विद्यार्थियों के मध्य समस्त कार्यक्रम आयोजित किए गए, विद्यालय परिवार के प्रधान अध्यापक दिलीप सिंह ठाकुर ने इस दौरान पर छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न योजनाओं एवं स्कूल शिक्षा विभाग में लागू योजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन की महत्वपूर्ण जानकारी कार्यक्रम में दी। शिक्षक विष्णुदत्त कौशिक ने पोस्टकार्ड लेखन मे अध्यनरत 80 बच्चों की भावनाओं को पोस्टकार्ड लेखन के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन की मुख्यमंत्री को पत्र व शिक्षक श्रीमती नीलिमा तिवारी, श्रीमती मालती चंद्रवंशी तथा शक्ति वनवन दास राय, दिलीप नागवंशी ने बालक एवं बालिका वर्ग की समस्त प्रतियोगिताएं संपन्न कराने सक्रिय सहयोग दिया। शिक्षिका श्रीमती ज्योति खरे ने बालिका वर्ग की रंगोली प्रतियोगिता एवं पोस्टकार्ड लेखन में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया, स्कूल परिवार ने छत्तीसगढ़ शासन को समस्त हितग्राही योजनाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

### बसंत बाटिया बने कुकदुर भाजपा मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह

**हरिभूमि कुकदूर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष की सूची जारी की गई। जिसमें कुकदूर मंडल से बसंत बाटिया



को मंडल अध्यक्ष की जवाबदारी मिली है। इस पर पूरे वनांचल क्षेत्र में खुशी का माहौल है। बसंत बाटिया वनांचल क्षेत्र में युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं और भाजपा के कई पदों की जिम्मेदारी निर्वहन कर चुके हैं वर्तमान में वह कुकदूर भाजपा मण्डल महामंत्री के पद पर रहे। सभी वर्गों में उनकी पकड़ अच्छी है जिससे संगठन को लाभ मिल सकता है। उनके मंडल अध्यक्ष निर्वाचन होने पर रतिराम भट्ट, दीपक सुलूजा, दशरथ कुमार, सुखदेव धुर्वे, उत्तम मुस्कुले, विष्णु धुर्वे, पंचराम धुर्वे, राजेश चंद्राकर, संजय जैन, शिवकुमार श्रीवास, राकेश पंद्राम, भागुराम धुर्वे एवं क्षेत्रवासी द्वारा बधाई प्रेषित की।

### छात्र छात्राओं ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण

**हरिभूमि कोलेगांव।** भोरमदेव कृषि महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के छात्र छात्राओं का रावे कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम नेवारी में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण रावे सह संयोजक अश्वन जायसवाल के दिशा निर्देश में किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ बीपी त्रिपाठी ने सेमिनार हॉल में विद्यार्थियों को संबोधित किया। जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र में दी जानी वाली सुविधाओं के बारे में बताया। यह एक कृषि विस्तार केन्द्र है जो किसानों को तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करता है। भ्रमण के दौरान केवीके में स्थित विभिन्न प्रकार के इकाई दिखाया गया जैसे मशरूम उत्पादन इकाई, कुटकुट पालन इकाई, छोटी नर्सरी इकाई, बतख व मछली पालन इकाई आदि दिखाया गया। साथ ही साथ विभिन्न प्रकार के जुताई यंत्रों को भौतिक रूप से दिखा कर संक्षिप्त परिचय व उनका उपयोग बताया गया, कृषि वैज्ञानिकों द्वारा करियर के लिए मार्गदर्शन दिया गया, जिसमें रावे छात्र अमित बंजारे, विनय कुमार, प्रवीण कुमार, मो.शाद मेमन, शुभम साहू, खेमकुमारी, सुमन साहू, अंकित पांडेय, विजयकांत, प्रवीण सिन्हा, अभिषेक शर्मा, गेंदलाल साहू, शुभम साहू, ऐश्वर्या, नम्रता गोनेत, प्रतीक तिग्गा, यश केशरवानी सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## वीर सावरकर भवन में महतारी वंदन सम्मान सम्मेलन आयोजित

# महतारी वंदन कार्यक्रम माताओं-बहनों के सम्मान व सशक्तिकरण का प्रतीक है: विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय स्थित वीर सावरकर भवन में भव्य महतारी वंदन माताओं, बहनों का सम्मान सम्मेलन आयोजित छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में जनादेश परब के रूप में आयोजन किए जा रहे हैं। सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल पर जिसमें माताओं-बहनों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद संतोष पांडेय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की भूमिका को समाज के निर्माण और प्रदेश की खुशहाली में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। माताओं-बहनों को सम्मानित करते हुए नेताओं ने सुशासन के इस एक वर्ष को समर्पण और जनसेवा का प्रतीक बताया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि महतारी वंदन कार्यक्रम माताओं-बहनों के सम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक है। मातृशक्ति हमारी संस्कृति और परिवार की रीढ़ है। माताओं की वह कला, जो घर को जीवंत और संपन्न बनाती है, हमारी परंपरा और समाज का आधार है। उन्होंने माताओं-बहनों के योगदान को नमन करते हुए उन्हें सशक्त बनाने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने 3 तलाक को समाप्त कर महिलाओं को अधिकार दिलाया और लोकसभा व विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर मातृशक्ति का सम्मान बढ़ाया है। मातृशक्ति समाज का आधार है और उनकी सशक्तता से ही परिवार और राष्ट्र प्रगति करता है। माताओं और बहनों के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।




### जिले में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं और माताओं-बहनों के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चला रही है। हर ग्राम पंचायत में 30 लाख की लागत से महतारी सदन का निर्माण किया जा रहा है, जिसका कार्य प्रारंभ हो चुका है। महिलाओं को राशन कार्ड, पंजीयन और रजिस्ट्रेशन जैसे कार्यों में विशेष छूट दी जा रही है। इसके अलावा, ड्रोन दीदी योजना के माध्यम से महिलाओं को तकनीकी सशक्तिकरण से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में सरकार बनने के बाद खनिज खनन और परिवहन प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में भी पारदर्शिता लाई गई है। पूर्व में भर्ती प्रक्रिया में आई शिकायतों की जांच कर दोषियों को दंडित किया गया है। उन्होंने कवर्धा जिले में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि यहां 350 करोड़ रुपए की लागत से मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही ठाकुर चौक से मेडिकल कॉलेज तक सड़क निर्माण के लिए 11 करोड़ रुपए की लागत से कार्य प्रारंभ हो चुका है।

### महतारी शब्द सुनते ही मन में ममता और स्नेह का भाव जागृत होता है: कैबिनेट मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने महतारी वंदन माताओं-बहनों के सम्मान कार्यक्रम में कहा कि महतारी शब्द सुनते ही मन में ममता और स्नेह का भाव जागृत हो जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह योजना माताओं-बहनों के सम्मान और उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि देश में हर महिला को माता-बहन और देवी के रूप में देखा जाता है। जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। इतिहास गवाह है कि जिन युगों में माताओं पर अत्याचार हुआ, उन युगों में विनाश हुआ। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए वादे के अनुरूप महतारी वंदन योजना के तहत सरकार ने 70 लाख महिलाओं को प्रति माह 1 हजार रुपए प्रदान करना शुरू किया है। इस धनराशि का उपयोग महिलाएं अपने बच्चों की शिक्षा और अपने परिवार के विकास के लिए कर रही हैं। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत गांव-गांव में चंदा कर मंदिरों का निर्माण भी हो रहा है। उन्होंने भारत की महान महिलाओं जैसे रानी अहिल्या बाई, रानी लक्ष्मीबाई और रानी दुर्गावती का उदाहरण देते हुए कहा कि इन वीरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। रानी पद्मावती का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने 16 हजार रानियों के साथ जौहर किया, लेकिन अपने धर्म और स्वाभिमान से समझौता नहीं किया।

### महिलाओं को सशक्त बनने का अवसर: पाण्डेय

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के बिना किसी भी समाज या देश की प्रगति अधूरी है। जब से देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व है, तब से महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि आज देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू हैं, जो महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण हैं। वित्त मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण पद पर श्रीमती निर्मला सीतारमण कार्यरत हैं, जिनके पास देश के आर्थिक विकास की चाबी है। सांसद श्री पांडेय ने कहा कि आज नारी शक्ति प्लेन से लेकर ट्रेन तक चला रही है। हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विष्णुदेव साय की सरकार ने नारी शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं और नीतियां बनाई थीं। जिनसे महिलाओं को सशक्त बनने का अवसर मिला।

## खैरझिटी पुराना ग्रामवासियों को मिली कीचड़ से निजात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत खैरझिटी पुराना में पारस बंगानी जनपद सदस्य द्वारा दुल्लापुर व पूर्व जनपद उपाध्यक्ष के ग्रामवासियों के मांग पर खैरझिटी पुराना में मां दुर्गा मंदिर के सामने पक्की नाली के अभाव में ग्रामीणों को भारी दिक्कतों व परेशानियो का सामना करना पड़ता था।

जिसमे ग्रामवासी खैरझिटी पुराना की मांग पर पारस बंगानी ने जनपद निधि के 15वें वित्त की लागत राशि से नाली निर्माण तथा शौचालय निर्माण कार्य के लिए 1,61000 की राशि से जनपद निधि 15वे वित की राशि से ग्रामवासी के मांग पर स्वीकृत किए कार्य पूर्ण हो जाने पर विधिवत पूजा अर्चना कर लोकार्पण किया। उल्लेखनीय है कि पारस बंगानी ने 2005 से 2009 तक खरझिटी पुराना एवं ग्राम पाढ़ी क्षेत्रांतर्गत से जनपद सदस्य व उपाध्यक्ष रह चुके है। ग्रामवासियों ने बताया था कि पक्की नाली के अभाव में ग्रामवासियों को लथपथ कीचड़ व आवागमन करने में भारी परेशानियों व दिक्कतो का सामना करना पड़ता था। लेकिन उक्त नाली निमार्ण होने से क्षेत्रवासियों को लाभ मिलेगा।

वहीं पारस बंगानी ने बताया कि यह उनका कर्तव्य है कि वह अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान करे और उनके जीवन को बेहतर बनाएं, ग्राम पाढ़ी वासियों की मांग पर मां महामाया मंदिर में मोटर पंप की स्थापना व पूजा अर्चना कर जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर खैरझिटी पुराना सरपंच सालिक जायसवाल, आत्मा जायसवाल, पूर्व सरपंच दुखीराम मरकाम, गौतम जायसवाल, धनीराम, भवर सिंह, रामकुमार दुबे, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष सुभाष पुरी, उत्तर चंद्राकर, पूर्व सरपंच शिवकुमार तिवारी, विजय सिंह ठाकुर एवं पं रमाकांत शर्मा, गोविंद यादव की उपस्थिति मे कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### जेवड़न-रवेली मार्ग ब्रिक्स ईट फैक्ट्री नई खुली

**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम जेवड़न खुर्द चौक रबेली मार्ग में बिरकस ईट निर्माण के लिए नई फैक्ट्री का निर्माण किया गया है जिससे आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों को ईट निर्माण फैक्ट्री संचालित होने से ग्रामीणों को रोजगार तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को इसका लाभ मिलेगा। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रैक्टर ट्रॉली ईट की 8 से 9 हजार रूपए तक बिक रहे हैं वहीं ग्राम जेवड़न खुर्द रबेली चौंक में ईंट का निर्माण नई फैक्ट्री खुलने से हितग्राहियों को लाभ मिलेगा।

## गुरुकुल में सीनियर विंग वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने दी मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

- अतिथियों को शाला का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



नगर की प्रतिष्ठित संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल के सीनियर विंग कक्षा पांचवी से बारहवी तक के छात्र-छात्राओं का नयनाभिराम, मनमोहक, आकर्षक रंगारंग प्रस्तुति के साथ वार्षिकोत्सव सृजन सम्पन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर संचालन समिति अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारी व निदेशकगण, प्रभारी प्राचार्य समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं व पालकगण उपस्थित थे। इस वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, विशिष्ट अतिथि चंद्रशेखर वर्मा कार्यकारी अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद थें। समस्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर वार्षिकोत्सव सृजन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया, शाला प्रभारी प्राचार्य ने शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सभी अतिथियों को शाला की उपलब्धियों से अवगत कराया।

समस्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा वर्ष 2023-24 की कक्षा 5वीं से 12वीं तक की परीक्षा में उत्कृष्टता व विविध गतिविधियों में भी उत्कृष्टता हासिल करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा शिव तांडव, कृष्ण महारास, पंजाबी, गुजराती, जय-जय शिवशंकर की प्रस्तुति को देखकर दर्शकदीर्घा ने मंत्र मुग्ध हो गए। वही विद्यार्थियों ने साऊथ इंडियन रिमिक्स एक जश्न है भारत रिमिक्स, मारवाड़ी कल्चर रिमिक्स, वीमेन इम्पावरमेन्ट, बालीवुड रिमिक्स की मनमोहक नयनाभिराम, आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा की वाहवाही लूटी। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा पर आधारित एकाकी को दर्शक दीर्घा ने काफी सराहना की।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहां कि बच्चों में संस्कार अति आवश्यक है। सभी बच्चों को अपने माता-पिता के प्रतिदिन पैर छुना चाहिए, आज के समय में बच्चों में कॉम्पिटिशन बहुत है, बच्चे 90 प्रतिशत से ऊपर लेकर आ रहे है। सभी बच्चों को मंचीय प्रोग्राम में भाग लेना चाहिए मंच में बोलने या कार्यक्रम देने से झिझक छुटत है।

वार्षिकोत्सव की सांस्कृतिक गतिविधियों के सफल आयोजन में समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं, नृत्य प्रशिक्षक एवं शाला परिवार का भागीरथ प्रयास रहा। सभी अतिथियों को शाला का स्मृति

### स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती के बलिदान दिवस में यज्ञ का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** बाल योग शाला ग्राम जैतपुरी रामचुवा के योग साधकों ने भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, शुद्धि आन्दोलन के प्रेरता स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती के बलिदान दिवस पर यज्ञ कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस बीच योग प्रशिक्षक हरिराम साहू ने बताया की स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती का जन्म 22 फरवरी 1856 को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में हुआ था। उन्होंने अपना जीवन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और समाज सुधार के लिए समर्पित किया। वे आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती के अनन्य शिष्य थे। उन्होंने आर्य समाज की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसके माध्यम से हिंदू धर्म के पुनर्जागरण और समाज सुधार के लिए काम किया। स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती ने महिला शिक्षा, दलित उत्थान और सामाजिक न्याय के लिए भी काम किया। उन्होंने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की स्थापना की जो एक प्रमुख शिक्षा संस्थान है। स्वामी श्रद्धानंद की विरासत आज भी भारतीय समाज में महसूस की जाती है। उनके कार्यों और विचारों ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और समाज सुधार के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है।




### कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी व फूल-मालाओं से स्वागत किया

## गौ-सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर पटेल का प्रथम कुण्डा आगमन पर नागरिकों ने किया आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

छत्तीसगढ़ राज्य गौ-सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर पटेल का कुण्डा आगमन पर भारत माता चौक में ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। छत्तीसगढ़ राज्य गौ-सेवा आयोग अध्यक्ष बनने पश्चात कुण्डा प्रथम कुण्डा आगमन पर भव्य स्वागत किया। श्री पटेल के पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य आतिशबाजी की गई एवं फूल-मालाओं से स्वागत सत्कार किया गया, वही भारत माता की पूजा अर्चना एवं स्तुति गाकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए भाजपा मण्डल कुण्डा एवं प्रभात फेरी एवं वरिष्ठ नागरिकों द्वारा स्वागत सत्कार किया गया।

उपस्थित जन समुदाय को गौ-सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर पटेल मण्डल अध्यक्ष, मुकेश ठाकुर पूर्व मण्डल अध्यक्ष, रामस्वरूप साहू पूर्व सांसद प्रतिनिधि, विकास पाण्डेय ने संबोधित किया। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, सोसायटी अध्यक्ष महली रामकुमार चंद्राकर, मण्डल उपाध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, मनोज ठाकुर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, सेवाराम कुर्रे सोसायटी अध्यक्ष पेंण्ड्री कला युवा मोर्चा अध्यक्ष, मनहरण साहू, बालमुकुंद चंद्रवंशी, महेंद्र धृतलहरे, नंदकिशोर यादव, सूरज यादव, किशोर चंद्राकर, गणेश सोलंकी, राजू श्रीवास, प्रताप सेन, रामनाथ चंद्राकर, रमन खनूजा, बल्लू सिंगरौल, सुरेश साहू, नीलेश गुप्ता, सूरज यादव, मोनू विश्वकर्मा, शिवकुमार चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थें वहीं मंच का सफल संचालन परषोत्तम निर्मलकर ने किया।



**हादसा:** ग्राम घुघरी-पालीगुढ़ा के बीच भीषण सड़क हादसा

# हाईवा की चपेट में आए मोटर साइकिल सवार दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम घुघरीकला-पालीगुढ़ा के बीच सोमवार की दोपहर भीषण सड़क हादसा सामने आया है जिसमें हाईवा की चपेट में आए मोटर सायकल सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

बताया जाता है कि घटना की सूचना मिलने के बाद भी मौके पर पुलिस को पहुंचने पर काफी वक्त लग गया जिसके कारण न तो समय रहते युवकों की स्थिति पता चल पाई और न ही आरोपी चालक पुलिस गिरफ्त में आ पाया। घटना के करीब घंटे भर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है वहीं आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी पतासाजी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर पिपरिया निवासी सुनील रॉनिक आयु 20 वर्ष तथा ग्राम खैरझिटी निवासी तुलेश्वर साहू आयु 22 वर्ष अपनी मोटर सायकल से व्यापार व्यवसाय के सिलसिले में ग्राम घुघरी की तरफ गए थे। बताया जाता है कि वे दोपहर करीब 3.00 बजे के आसपास अपना कामकाज निपटा कर वापस पिपरिया लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम घुघरी और पालीगुढ़ा के बीच सड़क निर्माण कार्य में लगे मिट्टी से भरे एक हाईवा वाहन के अज्ञात चालक ने लापरवाही पूर्व तथा तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए मोटर सायकल सवारों को अपनी चपेट में ले लिया और रौंद दिया। जिससे दोनो युवक बुरी तरह से घायल हो गए। घटना के बाद इसकी जानकारी राहगीरों ने तत्काल कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी। लेकिन बताया जाता है कि व्हीआईपी ड्युटी में व्यस्त कवर्धा कोतवाली पुलिस सूचना के करीब घंटे भर बाद मौके पर पहुंची तब तक दोनो युवकों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी वहीं आरोपी वाहन चालक भी मौके से फरार हो चुका था। घटना स्थल में पहुंचने के बाद पुलिस ने मृतकों के शवों को बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है वहीं आरोपी चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर उसकी तलाश की जा रही है।

### आरोपी हाईवा चालक मौके से फरार




बताया जाता है कि जिस हाईवा वाहन से यह भीषण सड़क हादसा हुआ है वह आसपास के ही ईलाके में बीते कुछ दिनो से लगातार मिट्टी ढुलाई का कार्य कर रहा था। इसी दौरान सोमवार को हाईवा वाहन चालक ने तेजरफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर सायकल सवारों को अपनी चपेट में ले लिया और घटना के बाद मौके से फरार हो गया।

### घटना के करीब घंटे भर बाद पहुंची पुलिस


प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना के बाद इसकी सूचना कवर्धा कोतवाली पुलिस को दे दी गई थी। लेकिन बताया जाता है कि सूचना के करीब घंटे भर बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंच पाई। जिसके कारण सड़क हादसे का शिकार हुए युवकों की स्थिति का पता नहीं चल पाया। हां इतना जरूर है कि जब मौके पर पुलिस पहुंची तो दोनो युवकों की मौत हो चुकी थी और उनके शव घटना स्थल से बरामद किए गए।

## जिले में तेजी से हो रहा धान का उठाव, अब तक 47,645 मेट्रिक टन धान का उठाव

- धान उठाव के लिए 72 राइस मिलो से अनुबंध, 29 हजार 773 मेट्रिक टन धान का डीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी महापर्व अंतर्गत शासन द्वारा किसानों के धान की खरीदी अभियान तेजी से प्रगति पर है। 14 नवंबर 2024 से प्रारंभ हुए इस अभियान में अब तक 63 हजार 662 किसानों से कुल 2,94,074 मेट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। जिले में मिलर्स द्वारा 7853 मेट्रिक टन एवं संग्रहण केंद्र के परिवहनकर्ताओं द्वारा 39792 मेट्रिक टन धान का उठाव हुआ है। इस प्रकार कुल 47,645 मेट्रिक टन धान का उठाव उपार्जन केंद्रों से हो चुका है। जिले में 72 राइस मिलों का अनुबंध हुआ है, 56 मिलरों द्वारा बैंक गारंटी जमा की गई है जिसके विरुद्ध 29773 मेट्रिक टन धान का डी ओ जारी किया गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में धान खरीदी का कार्य जारी है। जिले में सुचारू तरीके से धान की खरीदी की जा रही है, वहीं धान का उठाव लगातार ट्रांसपोटर्स एवं मिलर्स के द्वारा किया जा रहा है। जिले में किसानों को बारदाने की किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो रही है। सभी धान उपार्जन केन्द्रों में माइक्रो एटीएम उपलब्ध है। किसान माइक्रो एटीएम का उपयोग कर तत्काल 10 हजार रूपए तक निकाल सकते है, तत्काल राशि मिलने पर किसानों में खुशी है। धान बिक्री के लिए टोकन तुहर दुआर एप द्वारा ऑनलाईन माध्यम से टोकन किसानों को दिया जा रहा है। जिससे किसानों को बहुत सुविधा मिली और एक ही बार में पूरा धान की बिक्री हो जाने से समय की बचत हो रही है। किसानों द्वारा धान की बिक्री के 72 घंटों के भीतर धान का भुगतान समय पर प्राप्त होने से किसानों में खुशी है। जिले में किसानों द्वारा सुविधा पूर्वक धान की बिक्री की जा रही है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में धान उठाव और संग्रहण प्रक्रिया को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। इस दौरान किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के तहत धान बेचने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों की समस्याओं के निवारण के लिए हेल्पलाइन नंबर 1800-233-3663 जारी किया गया है। यह हेल्पलाइन किसानों को उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराने में मददगार साबित हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रभावी प्रबंधन व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उपार्जन केंद्रों में किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन ने संबंधित राइस मिल संचालकों से शीघ्र धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



### खबर संक्षेप


**तरेगांव जंगल में जन समस्या निवारण शिविर**

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन एवं जनशिकायत निवारण विभाग के दिशानिर्देशों के तहत, 24 दिसम्बर 2024, मंगलवार को कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम तरेगांव जंगल में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन दिवस और प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी विभागों को समाधान स्टॉल लगाने और विभागीय अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सुबह 10:00 बजे तक उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

**पांडातराई में शिव महापुराण आज से प्रारंभ**

**पाण्डातराई।** नगर पंचायत पांडातराई में श्री शिव महापुराण कथा विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु महाराज के शिष्य धर्माचार्य कुलदीप पांडेय के सानिध्य में होगी। पांडातराई के गुप्ता धर्मशाला में 24 दिसंबर से कथा शुरू होगी। वार्ड-7 से मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी, प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक कथा होगी। आयोजकों द्वारा इस आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## गांव में विचरण करने वाले सांड़ पर लोहे की सरिया से प्राण घातक हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

लोगों की बीच बढ़ती क्रूरता और अमानवियता का एक क्रूर चेहरा जिले के पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्राम सोढ़ा में देखने को मिला है। जहां अज्ञात लोगों ने एक मूक जानवर सांड़ पर लोहे की सरिया से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया है।

बताया जाता है कि घायल सांड़ के शरीर में अभी भी लोहे का सरिया घुसा है और वह उसकी अवस्था में गांव में विचरण कर रहा है। जिसे देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने मामले की शिकायत पाण्डातराई थाना में की है और अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्राम सोढ़ा निवासी ग्रामीणों के उस समय होश उड़ गए जब उन्होने गांव में विचरण करने वाले साढ़ के शरीर पर लोहे के सरिया से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा किए गए हमले के निशान और सांड़ के शरीर में घुसा सरिया देखा। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी तत्काल पाण्डातराई पुलिस को दी।

पुलिस ने भी मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है वहीं अब सांड़ के ईलाज की तैयारी की जा रही है।

## कांग्रेस का बाबा साहब अंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन आज

- कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रपति के नाम सौंपा जाएगा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में संविधान पर चर्चा के दौरान डॉ. भीमराव अम्बेडकर के खिलाफ की गई तथा कथित अपमान जनक टिप्पणी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को कवर्धा नगर में एक दिवसीय बाबा साहब अंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, छत्तीसगढ़ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के आदेशानुसार तथा कबीरधाम जिला संगठन प्रभारी पदुम कोठारी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विषय में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गई आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध 24 दिसम्बर को दोपहर 02.00 बजे कांग्रेस भवन सिग्नल चौक कवर्धा में बाबा साहब अंबेडकर सम्मान मार्च का आयोजन किया जाएगा। उन्होने बताया कि मार्च की शुरुआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया जाएगा तत्पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अपनी मांगों को लेकर जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आव्हान किया है।

## त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए आरक्षण संशोधित समय-सारणी जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 के लिए आरक्षण संशोधित समय-सारणी जारी कर दी है।

यह आदेश विभागीय पत्र क्रमांक 5815 /1773/22-2/2024 के माध्यम से जारी किया गया है, जिसमें त्रि-स्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के विभिन्न पदों के आरक्षण की कार्यवाही के लिए संशोधित समय-सारणी भेजी गई है। संशोधित समय-सारणी के अनुसार, पंचायतीराज संस्थाओं के 13,17 और अन्य पदों के आरक्षण प्रक्रिया को नियमानुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस संदर्भ में सभी कलेक्टरों को संबंधित समय-सारणी के अनुसार कार्यवाही करने को कहा गया है, साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 23, 25, 30, 32, और धारा 129 के प्रावधानों का पालन करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

इस निर्णय से पंचायत चुनाव की प्रक्रिया को समय पर और सुसंगत तरीके से लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्राथमिक वर्ग प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

सोमवार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला-कबीरधाम का प्राथमिक वर्ग स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला में 21 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। वर्ग के शुभारंभ अवसर पर जिला संघ चालक दानेश्वर परिहार, वर्ग कार्यवाह कामदत्त गेंड्रे, मुख्यवक्ता रोशन साहू दुर्ग विभाग प्रचारक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य वक्ता ने कहा कि यूनान, मिश्र, यूरोप, रोमन सभी सभ्यताएं, मुगल आक्रमणों से कुछ ही वर्षों में मिट गए। लेकिन भारत में 1000 वर्षों तक संघर्ष का इतिहास रहा है। अन्य देशों में भारत भूमि का युद्ध कौशल, महान ज्ञान, संस्कृति सबसे श्रेष्ठ रहा है। उन्होने कहा कि हमारे देश की गुलामी का मुख्य कारण आत्मविस्मृत समाज है, जो अपने पूर्वजो के शौर्य पराक्रम, बलिदान को भूल गए। अनेकों विदेशी लोगों ने यहां शोध किया कि यह देश हजारों सालों तक संघर्ष के बावजूद गुलाम क्यों नहीं हो रहे। उन्होने कहा कि हमारी शिक्षा व्यवस्था, परिवार व्यवस्था, गुरुकुल परम्परा, संस्कार ही भारत देश की शक्ति है इसलिए इन व्यवस्थाओं पर प्रहार किया। आत्म केन्द्रित व्यक्ति और समाज के होने से देश गुलामी के घोर अंधकार मे चले गया था। वर्तमान में अनुशासन की कमी, सामूहिक जीवन नहीं होने के कारण यह देश फिर से विपत्ति की ओर अग्रसर हो रहा है। मुगल आंक्रताओ और अंग्रेजो के द्वारा किए गए अत्याचार से हिन्दू समाज सिहर उठा था। तब हिन्दू समाज को एकत्रित करने, आत्मबोध कराने, भारत के संस्कृति, सभ्यता, सामाजिक समरसता लाने भारत को आजाद कराने के लिए डॉ. केशवराव बलिराम पन्त हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना की। प्राथमिक वर्ग के मुख्य शिक्षक नंद चंद्रवंशी, सह मुख्य शिक्षक बीरेलाल पटेल, बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सावन चंद्रवंशी हलधरनाथ योगी सह जिला कार्यवाह, भुवन यादव, उत्तरा वर्मा, गोपाल चंद्रवंशी, कन्हैया साहू, गुनाराम पनागर, संदीप गुप्ता, राजकुमार यादव, फुलेश्वर पोर्ते, सोनू साहू, उमेंद्र यादव, जलेश साहू किशोर प्रजापति आदि के साथ प्रशिक्षण में आए स्वयं सेवक उपस्थित थे।



## भाजपा लोगों को धर्मजाति में बांटने और उन्हें लड़ाने की कर रही राजनीतिः तुकाराम




- मुख्यमंत्री निवास घेरने रायपुर पहुंचे जिले के युवा कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, छत्तीसगढ़ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को प्रदेश की राजधानी रायपुर में भाजपा की विष्णुदेव सरकार के एक वर्ष की विफलताओं तथा देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में डॉ. भीम राव अम्बेडकर के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी को लेकर सीएम कार्यालय का घेराव किया गया। इस घेराव कार्यक्रम में कबीरधाम जिले से भी बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल होने पहुंचे। इस अवसर पर कबीरधाम जिले के युवा कांग्रेस नेता तुकाराम चन्द्रवंशी ने कहा कि यह एक वर्ष छत्तीसगढ़वासियों के लिए काफी दुखद एवं चिंताजनक रहा है। प्रदेश में लगातार बढ़ते अपराधिक मामले, नशे के व्यापार में बढ़ोतरी, किसानों से की गई वादाखिलाफी, धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था, सरकारी नौकरी के नाम पर युवाओं के साथ 33 हजार शिक्षकों की भर्ती के झूठे वादों, बढ़ती महंगी बिजली सहित दर्जनों मामलो को लेकर मुख्यमंत्री घेराव रायपुर में किया गया। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार ने घोषणा की थी कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा लेकिन जो लोग 14 नवंबर से धान बेच चुके है, उनके खाते में अब तक रकम नहीं आई है जो रकम आ रही है वह एकमुश्त 3100 रूपए नहीं है, किसानों के खातो में सिर्फ 2300 रूपए प्रति क्विंटल के भाव से राशि का भुगतान किया जा रहा है। उन्होने कहा कि विष्णु देव सरकार की पोल खुल चुकी है, प्रदेश के किसान आने वाले चुनाव में इन्हें सबक सिखाएंगे। वहीं उन्होने कहा कि भाजपा सिर्फ धर्म, जाति की राजनीति कर रही है। लोगों को एक दूसरे लड़ाकर अपना उल्लू सीधा कर रही है। देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में संविधान पर चर्चा के दौरान डॉ. भीमराव अम्बेडकर के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी भाजपा की इस रणनीति का एक हिस्सा है। लेकिन लोग अब भाजपा की इन चालों को समझ रहे हैं और आने वाले वक्त में भाजपा को सबक सिखाएंगे।

**डड़सेना कलार समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित**

## डड़सेना कलार समाज का इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर बहुत ही समृद्ध हैः विजय शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

डड़सेना कलार समाज कबीरधाम द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन सरदार पटेल मैदान में किया गया। युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक श्रीमती भावना बोहरा और गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल शामिल हुए। अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरुआत भगवान सहस्त्रबाहु के तैल चित्र पर पूजा अर्चना और माल्यार्पण करके आर्शीवाद ली। समाज के प्रतिनिधियों द्वारा अतिथियों का गज माला और पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया, जो समाज की ओर से अतिथियों के प्रति आदर और श्रद्धा का प्रतीक था। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा, कैबिनेट मंत्री श्री जायसवाल सहित अतिथियों ने समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को डडसेना गौरव सम्मान से नवाजा। इसके तहत समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा, दसवीं और बारहवीं कक्षा में टॉप करने वाले छात्रों को शील्ड, मोमेंटो, प्रमाण पत्र और भगवत गीता भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। यह छात्रों को प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया था, ताकि वे अपने जीवन में और भी उच्च शिखर छू सकें। अतिथियों ने समारोह में समाज के प्रमुख कार्यों और समाजसेवियों के योगदान को सराहा गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने डडसेना कलार समाज के प्रतिनिधियों को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन का इतिहास अत्यंत गौरवशाली है, और आज उनके वंशज होना आपके लिए गर्व की बात है। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी बताया कि 'मध्यप्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़ तक कल्चुरी वंश के शासकों ने शासन किया। छत्तीसगढ़ के निर्माण और इतिहास में कल्चुरी वंश का विशेष योगदान रहा है। इस वंश के शासनकाल में छत्तीसगढ़ क्षेत्र में अनेक मंदिरों, किलों और भवनों का निर्माण हुआ था, जो आज भी छत्तीसगढ़ के गौरव का प्रतीक हैं। उन्होंने रतनपुर का उल्लेख करते हुए कहा कि रतनपुर कभी कल्चुरी वंश की राजधानी थी, और यदि आज भी वहां खुदाई की जाए, तो कल्चुरी वंश का इतिहास मिलेगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में समाज के इतिहास और योगदान पर और भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डडसेना कलार समाज का इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर बहुत ही समृद्ध है और यह समाज हमेशा से अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझते हुए समाज के कल्याण के लिए कार्य करता रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आज समाज के लोग जिस तरह से अपने गौरवमयी इतिहास को सम्मान देते हुए समाज में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं, वह भविष्य में और भी बेहतर कार्यों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।